आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 16 अंक 355 -● जबलपुर ● रविवार, 29 जनवरी, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ शुक्ल पक्ष 8 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## ईरान में 5.9 तीव्रता का भूकंप, अब तक 7 लोगों की मौत

**अजरबैजान, एजेंसी।** ईरान के पश्चिमी अजरबैजान प्रांत के खोय शहर में शनिवार देर रात को तेज भूकंप के कारण कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। यहां रिक्टर स्केल पर 5.9 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक इस भूकंप में 7 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है और 450 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। भूकंप का केंद्र तुर्की-ईरान बॉर्डर के पास था। भूकंप में घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है

## पेरू में खाई में गिरी बस 24 लोगों की मौत

**इक्वाडोर, एजेंसी।** पेरू में एक बस खाई में गिर गई। इस हादसे में 24 लोगों की मौत हो गई। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, बस में 60 यात्री सवार थे। पुलिस ने बताया कि बस लीमा से इक्वाडोर से सटे तुंबेस जा रही थी। बीच में ऑर्गनोस शहर के पास ये सड़क हादसा हो गया। इसमें कुछ हैती के यात्री सवार थे।

# राहुल गांधी ने लाल चौक पर फहराया तिरंगा

## श्रीनगर में विजयी विश्व तिरंगा प्यारा...की गूंज,कल समाप्त होगी भारत जोड़ो यात्रा

**श्रीनगर, एजेंसी। भारत जोड़ो यात्रा अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुकी है।श्रीनगर के लाल चौक में रविवार को राहुल गांधी ने तिरंगा फहराया। वह सुरक्षाकर्मियों की गाड़ी में वहां पहुंचे। उनके साथ बहन प्रियंका गांधी भी मौजूद रहीं। राहुल के तिरंगा फहराने के दौरान प्रियंका उनके पीछे खड़ी थीं। कार्यक्रम के दौरान भारी तादाद में पुलिस बल तैनात रही। पूरे इलाके को बैरिकेड्स लगाकर सील कर दिया गया। आसपास की सभी दुकानें बंद करवा दी गईं।**





राहुल गांधी के साथ जयराम रमेश, मल्लिकार्जुन खड़गे, जयराम रमेश, उमर अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती के शामिल होने की जानकारी है। पंथा चौक से अवामी नेशनल कांफ्रेंस के प्रेसिडेंट मुजफ्फर शाह भी यात्रा में शामिल हुए हैं। आज श्रीनगर के चेश्मा शाही रोड पर यात्रा का हाल्ट होगा और शाम 5.30 बजे राहुल प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। 30 जनवरी यानी कल राहुल श्रीनगर स्थित कांग्रेस मुख्यालय में तिरंगा फहराएंगे और इसके साथ ही यात्रा खत्म हो जाएगी। इसके बाद यहां एसके स्टेडियम में एक जनसभा आयोजित करेंगे। इसके लिए 23 विपक्षी राजनीतिक दलों को आमंत्रित किया गया है।इसके बाद यात्रा का समापन होगा। इससे पहले सुरक्षा में चूक के घटनाक्रम के बाद शनिवार को तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच चुरसू गांव अवंतिपोरा से यात्रा बहाल हुई।इसके बाद यात्रा बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल गैलेंडर पांपोर से होते हुए पंथा चौक पर पहुंची। पुलवामा से पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती, उनकी बेटी इल्तिजा मुफ्ती और पार्टी से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता राहुल के साथ यात्रा में शामिल हुए। इसके अलावा पुलवामा में ही प्रियंका गांधी भी शामिल हुईं। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा कश्मीर में ताजी हवा की सांस की तरह है, क्योंकि इतनी बड़ी संख्या में लोगों को 2019 के बाद पहली बार घरों से बाहर निकलने का मौका मिला है। केंद्र सरकार ने पांच अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 को निरस्त किया था और उसके बाद इतनी बड़ी संख्या में लोगों को बाहर नहीं आने दिया गया। राहुल के साथ चलना एक शानदार अनुभव था। यह बात महबूबा मुफ्ती ने ट्वीट के जरिये कही। भारत जोड़ो यात्रा के लिए पहले से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। सुरक्षा बलों की ओर से यात्रा के शुरुआती बिंदु तक जाने वाली सभी सड़कों को सील कर दिया गया था। केवल अधिकृत वाहनों और पत्रकारों को ही यात्रा स्थल तक जाने की अनुमति दी गई। राहुल गांधी के चारों ओर तीन स्तरीय सुरक्षा घेरा रहा। दक्षिण कश्मीर के चुरसू इलाके में उत्साही समर्थकों ने यात्रा का स्वागत किया। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और समर्थक तिरंगे व पार्टी के झंडे लेकर यात्रा में शामिल हुए।

## ओडिशा के स्वास्थ्य मंत्री नबा दास पर फायरिंग, एएसआई ने गोली मारी, हालत गंभीर

**झारसुगुड़ा ,एजेंसी।** ओडिशा के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री और झारसुगुड़ा सीट से विधायक नबा किशोर दास पर जानलेवा हमला हुआ है। रविवार को स्‍ढ गोपाल चंद्र दास ने ओडिशा के स्वास्थ्य मंत्री नबा किशोर दास को गोली मार दी, जिसमें वे गंभीर घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक यह घटना आज दोपहर करीब 12.15 बजे की है। यह घटना झारसुगुड़ा के ब्रजराजनगर के गांधी चौक पर हुई। स्वास्थ्य मंत्री दास को सीने में दो गोलियां सीने में लगी है और उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है और इलाज जारी है। ओडिशा के स्वास्थ्य मंत्री नबा दास पर हमला करने वाले एएसआई गोपाल चंद्र दास को हिरासत में ले लिया गया है और पूछताछ जारी है। इस मामले में राज्य सरकार ने उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए हैं। पुलिस गहनता से इस मामले में पूछताछ कर रही है।



स्थानीय सूत्रों के मुताबिक स्वास्थ्य मंत्री नबा किसोर दास ब्रजराजनगर में पार्टी कार्यालय के उद्घाटन के कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। इस दौरान हमलावरों ने दास पर कम से कम 4 से 5 राउंड फायरिंग की गई, जब वह ब्रजराजनगर में एक जनसभा में भाग लेने जा रहे थे। उनके आसपास कई लोग मौजूद थे और अचानक गोली चलने से अफरातफरी मच गई और इस दौरान हमलावर फरार हो गए।

# लखीमपुर खीरी में ट्रक ने 10 लोगों को रौंदा, 5 की मौत

**बरेली, ईएमएस।** लखीमपुर खीरी के पीलीभीत-बस्ती मार्ग पर ट्रक ने 10 लोगों को रौंद दिया। इनमें से पांच लोगों की जान चली गई, जबकि पांच गंभीर घायल हो गए। ये लोग कुछ ही देर पहले कार की टक्कर से घायल हुए स्कूटी सवार को देखने के लिए जुटे थे। रामापुर चौकी क्षेत्र के गांव पनकी खुर्द में शनिवार की रात हुए भीषण हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि अनियंत्रित ट्रक ने इतनी तेज टक्कर मारी कि लोग हवा में उछल कर इधर-उधर गिरे। इसमें 5 लोगों की जान चली गई। हादसे से पहले स्कूटी व कार में टक्कर हुई थी, जिससे मानवीय संवेदना जताने के लिए ग्रामीण मौके पर एकत्र हुए थे। लखीमपुर खीरी के रामापुर चौकी क्षेत्र के गांव पनकी खुर्द में शनिवार की रात हुए भीषण हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि अनियंत्रित ट्रक ने इतनी तेज टक्कर मारी कि लोग हवा में उछल कर इधर-उधर गिरे। इसमें 5 लोगों की जान चली गई। हादसे से पहले



स्कूटी व कार में टक्कर हुई थी, जिससे मानवीय संवेदना जताने के लिए ग्रामीण मौके पर एकत्र हुए थे। उन्हें इस बात का अंदाजा तक नहीं था कि कुछ ही क्षणों में मौत का पंजा उन लोगों पर भी झप्पटा मारने वाला है। इस भीषण हादसे के बाद गांव में चीख-पुकार मची हुई है। ग्रामीणों ने आंखों देखा हाल बताते हुए कहा कि ट्रक की टक्कर इतनी भीषण थी कि कई लोग हवा में कई फुट तक उछलकर सड़क पर जा गिरे। सड़क पर इधर-उधर मास के लोथड़े और खून बिखरा पड़ा था।

## लखनऊ में दबंगों ने घर में घुसकर मां-बेटे पर डाला तेजाब

**लखनऊ , ईएमएस।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एसिड अटैक की वारदात से सनसनी फैल गई। गोमतीनगर के विराम खंड में शनिवार रात नौ बजे मां-बेटे पर एसिड अटैक किया गया। दोनों गंभीर रूप से झुलस गए। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग जुट गए। पुलिस को सूचना दी गई। वहीं दोनों घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज के जरिए हमलावरों की तलाश की जा रही है। विराम खंड-3 में विकास वर्मा, विक्की और उनकी मां अनीता वर्मा परिवार के साथ रहते हैं। शनिवार रात साढ़े नौ बजे अज्ञात दो युवकों ने दरवाजे पर दस्तक दी। मां ने दरवाजा खोला तो पीछे से विकास भी आ गया। अचानक दोनों लड़के एसिड फेंककर भाग गए।

## ट्रेन की टक्कर से करकटी बीट में तेंदुए की मौत

**उमरिया यशभारत।** उमरिया जिले के करकटी बीट से लगे राजस्व में तेंदुए का शव मिला है। यहां रेलवे ट्रैक के डाउन लाइन से लगभग 15 मीटर दूरी पर तेंदुए का शव दिखाई दिया, जिसकी वजह से ग्रामीणों ने वन विभाग के कर्मियों को सूचना दी है। तत्काल पाली रेंजर अपनी टीम के साथ वहां पहुंच गए और तेंदुए के शव को कब्जे में लिया।पाली रेंजर ने बताया, ट्रेन की चपेट से एक तेंदुए की मौत हो गई है। यहां पशु चिकित्सा अधिकारी पाली और घुनघुटी के द्वारा पीएम कराया गया है। वहीं डॉक्टर ने जानकारी देते हुए बताया है कि ट्रेन की टक्कर से उसके जबड़े की पसलियों के साथ ही शरीर के अन्य हिस्सों पर चोट आई थी, जिसकी वजह से उसकी जान चली गई है।

## कोरोना का खतरा : जापान में जनवरी में 10 हजार मौतें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनियाभर के कई देशों में कोरोना से हालात बेहद खराब हैं। जापान में एक महीने में 10 हजार मौतें हुई हैं। यह जापान में कोरोना से हुई मौतों का नया रिकॉर्ड है। देश में नवंबर 2022 से ही कोरोना से मौतों का आंकड़ा बढ़ रहा है। दिसंबर में 7 हजार 600 से ज्यादा मौतें हुई थीं। शनिवार को जापान में 54 हजार 800 नए मामले सामने आए, जिनमें 533 गंभीर मरीज हैं। जापान में 8 मई से कोरोना को नॉर्मल फ्लू की कैटेगरी में शामिल कर लिया जाएगा।



चीन में इस हफ्ते मृतकों की संख्या 50प्रश कम हुई

## पहले ही वर्ष में लाखों लोगों की पसंद बना अरुणोदय पंचांग




## दुनिया की सबसे अधिक कमाई करने वाली नौथी फिल्म बनी अवतार निर्देशक जेम्स

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कैमरून की फिल्म अवतार देवे ऑफ वॉटर दुनिया की सबसे अधिक कमाई करने वाली चौथी फिल्म बन गई है। फिल्म ने स्टार पाड फोर्स अवेकेंस को कलेक्शन में मात दे दी है। इस रिपोर्ट में आपको बताते हैं अवतार का कलेक्शन और साथ ही ये भी कि टॉप 3 पर कोनसी फिल्में हैं और उनकी कमाई कितनी है। वैराइटी की रिपोर्ट के मुताबिक 2.075 बिलियन यूएस डॉलर की कमाई के साथ अवतार द वे ऑफ वॉटर के नाम दुनिया की सबसे अधिक कमाई करने वाली चौथी फिल्म का रिकॉर्ड हो गया है। इससे पहले ये रिकॉर्ड स्टार वार्स एपिसोड VII द फोर्स के नाम था जिसकी कमाई 2.064 बिलियन यूएस डॉलर थी।



## भारत के निशाने पर चीन :अमेरिकी रिपोर्ट में दावा

# देश में नए परमाणु हथियार बनाए जा रहे, अब पाकिस्तान से फोकस हटा

**वॉशिंगटन/नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत लगातार अपने परमाणु हथियार और उन्हें ऑपरेट करने की टेक्नोलॉजी को एडवांस कर रहा है। फेडरेशन ऑफ अमेरिकन साइंटिस्ट्स की एक हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की परमाणु रणनीति का फोकस चीन पर बढ़ता जा रहा है। पहले यह रणनीति पाकिस्तान को ध्यान में रखते हुए बनाई जाती थी। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में कम से कम चार नए वेपन सिस्टम डेवलप किए जा रहे हैं। ये मौजूदा हथियारों को रिप्लेस करेंगे या उन्हें बेहतर बनाएंगे। इनमें परमाणु क्षमता वाले विमान, लैंड-बेस्ड डिलीवरी सिस्टम और पनडुब्बी से छोड़ी जाने वाली मिसाइलें शामिल हैं। अमेरिकी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि फिलहाल देश के पास परमाणु क्षमता से लैस 8 सिस्टम हैं। इनमें 2 एयरक्राफ्ट, 4 लैंड-बेस्ड बैलिस्टिक मिसाइल और 2 सी-बेस्ड बैलिस्टिक मिसाइल हैं। फिलहाल विकसित किए जा रहे 4 नए सिस्टम जल्द ही मैदान में उतरने के लिए तैयार हो जाएंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन, भारतीय बैलिस्टिक मिसाइलों की रेंज में है। स्नैस के मुताबिक, भारत ने फिलहाल 160 परमाणु हथियारों का स्टॉक रखा हुआ है।



## पीएम मोदी ने की साल की पहली मन की बात

# बोले- लोकतंत्र हमारी संस्कृति में है

**नई दिल्ली, ईएमएस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात प्रोग्राम में देशवासियों को संबोधित किया। उन्होंने पद्म पुरस्कार पाने वाले लोगों के जीवन की कहानियां बताईं और लोगों से भी उनके जीवन की प्रेरक कहानियां पढ़ने की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि लोकतंत्र हमारी रगों में है, हमारी संस्कृति में है। सदियों से यह हमारे कामकाज का भी एक अभिन्न हिस्सा रहा है। स्वभाव से हम एक डेमोक्रेसी सोसाइटी हैं। मन की बात कार्यक्रम में यह 97वां एपिसोड है, जो इस साल का पहला एपिसोड है। पीएम मोदी ने कहा कि पद्म पुरस्कार




विजेताओं की एक बड़ी संख्या आदिवासी समुदायों और आदिवासी समाज से जुड़े लोगों से आती है। आदिवासी जीवन शहर के जीवन से अलग है, इसकी अपनी चुनौतियां भी हैं। इन सबके बावजूद आदिवासी समाज अपनी

### आदिवासियों को पद्म पुरस्कार मिलना गर्व की बात

परंपराओं को बचाने के लिए हमेशा आतुर रहता है। टोटो, हो, कुई, कुवी और मांडा जैसी आदिवासी भाषाओं पर काम करने वाली कई महान हस्तियों को पद्म पुरस्कार मिल चुके हैं। यह हम सबके लिए गर्व की बात है। सिद्दी, जारवा और ओंगे आदिवासियों के साथ काम करने वालों को इस बार भी पुरस्कृत किया गया है।गणतंत्र दिवस समारोह में अनेक पहलुओं की काफी प्रशंसा हो रही है। 26 जनवरी की परेड के दौरान कर्तव्य पथ का निर्माण करने वाले श्रमिकों को देखकर बहुत अच्छा लगा। इस परेड में पहली बार हिस्सा लेने वाली महिला ऊंट सवार और CRPF की महिला टुकड़ी भी काफी सराहना हो रही है। उन्होंने कहा कि डॉ अंबेडकर ने बौद्ध भिक्षु संघ की तुलना भारतीय संसद से की थी। उन्होंने उसे एक ऐसी संस्था बताया था, जहां प्रस्ताव, संकल्प, कोरम और वोटों की गिनती के लिए कई नियम थे।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आगाज खो-खो प्रतियोगिता से

## पहला मुकाबला मेजबान मध्यप्रदेश और पश्चिम बंगाल के बीच

**जबलपुर, यशभारत।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मेजबानी के लिए संस्कारधानी जबलपुर तैयार है। जबलपुर में खेलो इंडिया यूथ गेम्स में खो-खो, तीरंदाजी, तलबारबाजी और साइक्लिंग की प्रतियोगिताएं होंगी। राष्ट्रीय स्तर की इन प्रतियोगिताओं में विभिन्न राज्यों के करीब 800 खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। जबलपुर में खेलो इंडिया यूथ गेम्स की शुरूआत खो-खो से होगी। इस प्रतियोगिता में 18 वर्ष तक की आयु के बालक और बालिकाओं की आठ-आठ टीम शामिल हो रही है। दोनों वर्ग की टीमों को दो-दो समूह में बांटा गया है। प्रतियोगिता का पहला मैच रानीताल स्पोर्टस कॉम्पलेक्स में सुबह 10.30 बजे से बालक वर्ग में समूह ए की मेजबान मध्यप्रदेश और पश्चिम बंगाल की टीम के बीच खेले जाने वाले मुकाबले में होगा। खो-खो की प्रतियोगिता के लिए रानीताल स्पोर्टस कॉम्पलेक्स में विशाल डोम बनाया गया है। सारे मैच डोम में ही होंगे और मेट पर खेले जायेंगे। पहले दिन बालक वर्ग में मध्यप्रदेश और पश्चिम बंगाल के अलावा उड़ीसा एवं मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र एवं तेलंगाना तथा दिल्ली और आन्ध्रप्रदेश के बीच खो-खो के मैच खेले जायेंगे। जबकि बलिका वर्ग में मध्यप्रदेश और पंजाब, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और तमिलनाडू तथा उड़ीसा और राजस्थान के बीच मुकाबला होगा। खो-खो प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए मेजबान मध्यप्रदेश की टीम जबलपुर पहुंच चुकी है। वहीं शेष सभी टीमें रविवार तक जबलपुर पहुंच जायेंगी। टीमों के रूकने के लिये होटलों में व्यवस्था की गई है वहीं रानीताल स्पोर्टस काम्पलेक्स तक खिलाड़ियों के आवागमन के लिए स्पेशल बसों की व्यवस्था की गई है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए रानीताल स्पोर्टस काम्पलेक्स को सजाया संवारा गया है। खिलाड़ियों के लिए सभी सुविधाओं का यहां खासतौर पर ध्यान दिया जा रहा है। विभिन्न राज्यों से आने वाली टीमों और खिलाडियों के स्वागत के लिए रेलवे स्टेशन पर काउंटर बनाये गये हैं। भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा आयोजित किये जा रहे।




**पल पल निगरानी रखा हुआ हैं जिला प्रशासन-** खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तैयारियों पर जिला प्रशासन लगातार नजर रखे हुये है। खिलाड़ियों की सुविधाओं में किसी तरह की कमी न रहे इसके लिये संभागायुक्त बी चन्द्रशेखर, कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन, नगर निगम आयुक्त आशीष वशिष्ठ, जिला पंचायत की सीईओ सलोनी सिडाना रोज सुबह-शाम तैयारियों का जायजा ले रहे हैं।

**जबलपुर में 30 जनवरी से 11 फरवरी तक होंगे -** इनमें खो-खो, तलबार बाजी और तीरंदाजी की प्रतियोगितायें रानीताल स्पोर्टस कॉम्पलेक्स में होगी। जबकि रोड साइक्लिंग की प्रतियोगिता राष्ट्रीय राजमार्ग पर आयोजित की जायेगी। तीरंदाजी की प्रतियोगिता 31 जनवरी से, तलबार बाजी की 6 फरवरी से और रोड साईक्लिंग की प्रतियोगिता 8 फरवरी से प्रारंभ होगी। खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए जबलपुर शहर में खिलाडियों के स्वागत के लिए जगह-जगह पोस्टर बैनर लगाये गये हैं। जिले भर में खेलो इंडिया के प्रमोशन के लिये विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसके साथ स्कूलों, कॉलेजों में खेल प्रतियोगितायें आयोजित की गई है। शहर के सभी प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर खेलो इंडिया के फ्लेक्स-बैनर लगाये गये हैं। खो-खो की प्रतियोगिता पांच दिनों तक चलेगी। प्रतियोगिता के लिए बालक वर्ग के समूह एए में मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और तेलंगाना की टीमें शामिल हैं तथा ग्रुप ट बी ट में उड़ीसा, छत्तीसगढ़, देलही एवं आंध्रप्रदेश की टीम रखी गई है। इसी प्रकार बालिका वर्ग के ग्रुप ट ए ट में मध्यप्रदेश, पंजाब, महाराष्ट्र और तमिलनाडू तथा ग्रुप ट बी ट में कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा एवं राजस्थान की टीमें शामिल हैं। खो-खो में बालक और बालिका वर्ग के सभी मैच मेट पर खेले जायेंगे। सिनेमा हालों में खेलो इंडिया के प्रमोशनल वीडियो प्रदर्शित किये जा रहे हैं। इसके साथ ही जबलपुर जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों एवं शहर की विशेषताओं की ब्रांडिंग भी खेलो इंडिया के दौरान की जा रही है।



## सबसे पहले नागालैंड की तीरंदाजी टीम के कोच और खिलाड़ी जबलपुर पहुंचे

खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए मेजबान खिलाड़ियों का जबलपुर आना शुरू हो गया है। जबलपुर पहुंचने वाला पहला दल नागालैंड की तीरंदाजी टीम का है। टीम के सदस्य सुमेश चंद्रा अपने कोच के साथ शुक्रवार की देर रात जबलपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां उनका पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया।

# महापौर ने मां नर्मदा की महाआरती कर संस्कारधानी वासियों को दी शुभकामनाएं





### प्रत्येक घरों में खुशिओं की बरसात हो, इसके लिए माँ के चरणों में लगाई अर्जी

**जबलपुर,यशभारत।** नगर निगम द्वारा महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' के निर्देशानुसार माँ नर्मदा जी के प्राक्ट्योत्सव पर नर्मदा के सभी तटों क्रमशः ग्वारीघाट, उमाघाट, सिद्धघाट, जिलेहरी घाट, तिलवारा घाट, के साथ-साथ अन्य घाटों पर आज श्रद्धालुओं एवं मॉ नर्मदा के भक्तों के लिए महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' के द्वारा विशेष साफ-सफाई, प्रकाश, पार्किग व्यवस्था के अलावा हेल्प डेस्क आदि की सुविधाएँ भी कराई गयी जिसका निरीक्षण करने खुद सभी घाटों पर महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' पहुँचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। व्यवस्थाओं का मुआयना करने दौरान महापौर द्वारा मॉ नर्मदा के दर्शन करने तटों पर पहुँचे श्रद्धालुओं से भी बातचीत की और व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। इस दौरान निगम प्रशासन के द्वारा की गई व्यवस्थाओं के संबंध में सभी श्रद्धालुओं एवं नागरिकों के द्वारा सराहना की गयी। महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने व्यवस्थाओं के निरीक्षण के उपरांत मॉ नर्मदा के चरणों में माथा टेक संस्कारधानी के प्रत्येक परिवारों एवं घरों में सुख समृद्धि एवं शांति की बरसांत हो सभी का जीवन सुखमय एवं हर्षोल्लास के साथ व्यतीत हो, के लिए मॉ नर्मदा के चरणों में अर्जी लगाई। महापौर ने मॉ नर्मदा की आरती के साथ विधि विधान से पूजन अर्चन भी की और जबलपुर के सभी सम्माननीय नागरिकों को जीवन दायनी पुण्य सलीला मॉ नर्मदा अवतरण दिवस की शुभकामनाएँ एवं बधाईयॉ दी। इसके उपरांत महापौर ने प्रशासन द्वारा घाटों पर की गई व्यवस्थाओं की भी प्रशंसा की और उनके प्रति आभार प्रगट किया।

### भव्य एवं दिव्य कार्यक्रम

माँ नर्मदा के प्राकट्योतस्व पर भव्य एवं दिव्य कार्यक्रम तरुण भनोट विधायक एवं जगत बहादुर सिंह अनु महापौर जबलपुर के मुख्य अतिथि में संपन्न नर्मदा सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुजीत अवस्थी ने सभी के प्रति आभार नर्मदे हर।



### जमतरा में मां नर्मदा की गीतों की प्रस्तुति, विशाल भंडारा

माँ नर्मदा जी के प्राक्ट्योत्सव पर नर्मदा सेवा समिति खैरेनी घाट जमतरा में विशाल भंडारा एवं पंडित प्रभात दुबे द्वारा मां नर्मदा की गीतों की प्रस्तुति दी गई जिसमें सभी श्रद्धालु भक्तजनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।



### नर्मदा जयंती पर भेड़ाघाट में निर्झरणी महोत्सव की धूम

जबलपुर, यशभारत। राज्य शासन के संस्कृति संचालनालय द्वारा माँ नर्मदा जी के प्राक्ट्योत्सव पर भेड़ाघाट में निर्झरणी महोत्सव का आयोजन किया गया । जिला प्रशासन के सहयोग से पंचवटीघाट पर आयोजित निर्झरणी महोत्सव का प्रमुख आकर्षण जबलपुर की सुश्री शैली धोपे एवं साथियों का माँ नर्मदा पर केन्द्रित नृत्य रहा । महोत्सव का शुरुआत में माँ नर्मदा की पूजा अर्चना की गई । इस अवसर पर विधायक संजय यादव, नगर परिषद भेड़ाघाट के अध्यक्ष चतुर सिंह, नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष अनिल तिवारी, महेश तिवारी, सुनील जैन एवं दिलीप राय, जबलपुर पुरातत्व, संस्कृति एवं पर्यटन परिषद के सीईओ हेमंत सिंह आदि मौजूद थे । निर्झरणी महोत्सव में शास्त्रीय नृत्य और भक्ति संगीत का सिलसिला देर तक जारी रहा । इस दौरान दो से ढाई हजार श्रद्धालु पंचवटी घाट पर मौजूद थे । कार्यक्रम में जबलपुर के मनीष अग्रवाल एवं उनके साथियों द्वारा भक्ति गायन तथा शहडोल निवासी मुनिन्द्र मिश्रा एवं उनके साथियों द्वारा लोक गायन की प्रस्तुति दी गई ।



### नौग्रहों ने की मां नर्मदा की महाआरती

मां नर्मदा प्रकट उत्सव पर्व पर विश्वास सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था द्वारा ग्वारीघाट जबलपुर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मां नर्मदा प्रकटोत्सव पर्व धूम-धाम से सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन साथ मनाया गया ।। विश्वास संस्था अध्यक्ष एवं अंत्योदय प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक अमर मिश्रा ने बताया कि विश्वास सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था द्वारा प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी 28 जनवरी को मां नर्मदा का प्रकटोत्सव पर्व सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजनों के साथ धूमधाम से मनाया गया इसी कड़ी में सुबह 11ः00 बजे गो पूजन, 1ः00 बजे रुद्राभिषेक, 5ः00 बजे कन्या पूजन एवं 7ः00 विशेष आकर्षण का केंद्र नौ ग्रहों द्वारा मां नर्मदा की महाआरती की गई जिसमे संस्कारधानी वासी शामिल हुए । इसके पश्चात माता की चौकी का आयोजन किया गया । इस अवसर पर मां नर्मदा को विशेष भोग लगाया गया जिसका वितरण अनवरत जारी रहां । कार्यक्रम में पार्षद शारदा कुशवाहा, गौरी शंकर दुबे, पंडित नारायण त्रिपाठी,शक्ति मिश्रा,हेमंत साहू,पियूष समदडिया, संदीप शर्मा,अमित सैनी,अतुल चौरसिया,वीरेंद्र श्रीवास्तव, शिवम चौबे, अचल तिवारी,अक्षय चौबे, आशीष चौबे, दिनेश मिश्रा, अमित सैनी, हरशु चौबे,आदेश श्रीवास, गुरदीप सिंह, सौरभ चौधरी, नवल बर्मन अंकित बैन आदि उपस्थित थे।






## मां मक्रवाहिनी मंदिर में विशाल भंडारा आज

**जबलपुर यशभारत।** माँ नर्मदा के प्रगटोत्सव( प्राकट्योतस्व ) के पावन और पुनीत उपलक्ष्य में पान दरीबा, जबलपुर - स्थित विश्व की एकमात्र सबसे प्राचीन, दर्शन मात्र से मनोकामना पूर्ण करने वाली, माँ त्रिपुर सुंदरी की तरह दिन में तीन बार रंग बदलने वाली माँ नर्मदा के सभी अवतरण कथाओं की पुष्टि करती हुई 1000 वर्ष से भी प्राचीन अद्भुत एवं अद्वितीय कलचुरि कालीन नर्मदा स्वरूप माँ मक्रवाहिनी की प्रतिमा के मंदिर में प्रतिवर्षानुसार - 29 जनवरी 2023 को अपरान्ह 1 बजे से भव्य भंडारा में प्रसाद वितरण श्रद्धालुओं के आगमन तक चलेगा। जिसमें आप सभी आत्मीय जन सादर आमंत्रित हैं। माँ मक्रवाहिनी परिवार की ओर से सर्वश्री संपूर्ण तिवारी,डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, कल्ली तिवारी, राजेश द्विवेदी, संदीप जैन, विलोक पाठक, बसंत मोदी प्रहलाद चौरसिया, शरद चौरसिया, निर्मल पटेल, पवन चौरसिया, राजकुमार नामदेव, सतीश मोदी, विकी चौरसिया, मनोज चौरसिया, राजीव चौरसिया, अंशुल पांडे टीपू पांडे डॉ आनंद सिंह राणाऔर मातृ शक्तियों द्वारा भक्त गणों का आतिथेय किया जाएगा। उपस्थिति की अपील माँ मक्रवाहिनी प्रबंधन समिति एवं परिवार ने किया है।

## बजट में वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराए में बहाली की मांग....

**जबलपुर यशभारत।** भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन के अध्यक्ष आर एस तिवारी ने रेल मंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि आगामी 1 फरवरी पेश होने वाले आम बजट में वरिष्ठ नागरिकों कोरोना के पूर्व के समान रेल किराए में रियायत के साथ वरिष्ठता के आधार पर नीचे की बर्थ की सुविधा फिर से शुरू करने की मांग की है। कहा गया है कि वरिष्ठ नागरिकों को पहले सभी ट्रेनों में रियायत एवं अन्य सुविधाएं मिलती थी। लेकिन कोरोना महामारी में ट्रेनों के आवागमन बंद होने के साथ उपरोक्त सुविधाएं भी बंद हो गई ।अब जब कोरोनावायरस समाप्त हो चुका है ट्रेनों का संचालन भी सुचारू रूप से हो रहा है ।लेकिन वरिष्ठ नागरिकों की सुविधाएं बहाल नहीं की गई है। रेलमंत्री से मांग की गई कि आम बजट में वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा बहाल की जाए ताकि वरिष्ठ नागरिकों को पढ़ने वाले आर्थिक बोझ से राहत मिल सके। डीके सिंह हर जीवन विश्वकर्मा एच एल जागडेआर वी शाह एसके श्रीवास्तव अर्जुन कुमार आरआर दुबे विनायकराव सोरते अब्दुल रहमान रमाकांत कटिहार हरि सिंह महेंद्र नामदेव आदि ने वरिष्ठ नागरिकों को पुनःसुविधा हेतु बजट में घोषणा का अनुरोध किया है।

## व्हीएफजे में टेंकों के पुर्जो के साथ बनेंगे नये उत्पाद

### मुख्य महाप्रबंधक की घोषणा प्लांटों मशीनरी का होगा नवीनीकरण

**जबलपुर यशभारत।** भविष्य में व्हीएफजे में टी-72और टी-90टेंकों के पुर्जो के साथ नये उत्पाद बनाए जायेंगे उक्त जानकारी मुख्य महाप्रबंधक अशोक गुप्ता ने गणतंत्र दिवस के मौके पर मुख्य आतिथि के रूप में गणतंत्र दिवस समारोह में दी। उन्होने बताया कि व्हीएफजे में नये उत्पाद बनाने हेतु व्हीएफजे रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट की टीम प्रयासरत है। साथ ही व्हीएफजे में प्लांट एवं मशीनरी के नवीनीकरण हेतु प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। श्री गुप्ता ने बताया कि निर्माणी में सैन्य वाहनों के उत्पादन के अलावा टी 72 एवं टी 90 टैंक के इंजन की ओव्हरहॉलिंग का कार्य भी जल्द ही शुरू किया जाएगा। एमपीवी 4ङ्ग4 एवं एमपीवी 6 ङ्ग 6 को निर्माणी का भविष्य तथा एसएमएल वाहन को बुलेट प्रूफ किए जाने की सराहना की। इसके लिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्पादों की ब्राडिंग के लिए मार्केटिंग टीम बनाई गई है। समारोह में विशिष्ट अतिथि श्रीमती छवि गुप्ता, अध्यक्ष, महिला कल्याण समिति व्हीएफजे ने उपस्थिति रही रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों मेधावी छात्रों को सी जीएम ने पुरस्कृत किया। इस मौके पर महाप्रबंधक प्रेमचंद डी.एन.वर्मा सुरेन्द्र कुमार ए.के.राय के साथ रामेश्वर मीणा/संयुक्त महाप्रबंधक हिमांशु श्रीवास्तव श्रीमती श्वेता जौहरी गुप्ता एवं शैलेन्द्र सिंह अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



## ख्वाजा गरीब नवाज़ केउर्स की छठी शरीफ आज

**जबलपुर यश भारत ।** अताए रसूल हज़रत ख्वाजा गरीब नवाज अजमेरी के उर्स की रविवार को छठी शरीफ है । इस मौके पर मदन महल दरगाह में सुबह बाद नमाज फज़र कुल शरीफ का एहतेमाम किया जाएगा । मुतवल्ली सैय्यद कादिर अली कादरी, सज्जादानशीन सूफी मुबारक अली कादरी, निज़ाम कादरी, इनायत अली कादरी ने अक़ीदतमंदो से शिरकत फरमाने व सवाबे दारेन हासिल करने की गुजारिश की है । कचहरी दरगाह में- हाईकोर्ट के सामने स्थित हज़रत कचहरी वाले बाबा की दरगाह मे रविवार को अपरान्ह बाद नमाज असर चादर जुलूस गश्त करेगा । सज्जादानशीन बाबर खां बंदानवाज़ी तथा खादिमे आला चंगेज खान अशरफ़ी जुलूस की कयादत फरमायेंगे । साय बाद नमाज मगरिब चादर पोशी की रस्म अदा की जाएगी । रात्रि 9 बजे महफिले समा कव्वाली का एहतेमाम होगा । गोहलपुर स्थित हज़रत बाबा जमालुद्दीन शाह के मकान मे सुबह कुल शरीफ का एहतेमाम किया जाएगा । सज्जादानशीन सूफी बाबा मेराज अहमद जमाली सरपरस्ती फरमायेंगे । इस मौके पर लंगर तबरुक तक़सीम किया जाएगा । हज़रत आगा मोहम्मद साहब की दरगाह, गाजी मियां की दरगाह, हज़रत कासिम बाबा की दरगाह मे भी छठी शरीफ के मौके पर कुल शरीफ का एहतेमाम होगा । जश्न-ए- गरीब नवाज़ - सदर स्थित संजय गांधी नगर पुराना तकिया मे रविवार को जश्न - गरीब- नवाज का एहतेमाम किया गया है । हज़रत अल्हाज सूफी खलील शाह शिकोही मदारी आयोजन की सरपरस्ती फरमायेंगे । इस मौके पर रात्रि 9 बजे महफिले समा मे शब्बीर शम्शीर सखावत कव्वाल सूफियाना कव्वाली पेश करेंगे । कमेटी के सूफीयान अली, इनायत अली शाह, इमरान अली शाह ने अक़ीदतमंदो से शिरकत की गुजारिश की हैं ।

## भक्ति और अटल विश्वास से ही होते हैं प्रभु दर्शन

### श्री आदिशक्ति मंदिर संजीवनी नगर में श्रीमद्भागवत कथा

**जबलपुर यशभारत ।** हम आप में यदि प्रह्लाद जैसी भक्ति और ध्रुव के समान अटल विश्वास हो तो प्रभु दर्शन निश्चित तौर पर मिल सकते हैं।उक्त उद्गार पंडित ब्रजेश उपाध्याय ने श्री आदिशक्ति मंदिर शाही तालाब संजीवनी नगर में श्री आदिशक्ति महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा परायण के दौरान व्यक्त किए।उन्होंने आगे बताया कि श्रीमद्भागवत कथा को सनातन धर्म में पंचम वेद कहा गया है।इसके माध्यम से व्यक्ति संसार सागर से हमेशा के लिए मुक्त होकर भगवान के चरणों में स्थान पाता है।प्रारंभ में कथा के यजमानों से हरीश-श्रीमती ममता नामदेव श्रीमती कुसुम बिल्थरिया श्रीमती तारा तिवारी श्रीमती निर्मला गोंटिया श्रीमती माया सराफ ने पंडित कन्हैया महराज के मार्गदर्शन में व्यास पूजन किया।आयोजन में श्रीमती कमला साहू श्रीमती सरोज दुबे ,श्रीमती पुष्पा वर्मा मालती सोनी आभा श्रीवास्तव आदि का सहयोग रहा।





## विराट देवी जागरण, शहनाज के भजन सुनकर झूम उठे श्रद्धालू

**जबलपुर, यशभारत।** जवाहरगंज वार्ड जबलपुर में 20 वाँ स्थापना दिवस पर द्वितीय दिन विराट देवी जागरण में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त देवी गीत गायिका शहनाज अख्तर ने भजनों का शानदार प्रस्तुति दी। जय माता महाकाली कल्याण मंदिर कछियाना लार्डगंज थाने के पीछे आयोजित कार्यक्रम में आयोजन के सफल संचालक मनोज नामदेव ,पं.श्याम सुंदर त्रिपाठी ,शैलेन्द्र त्रिपाठी, रत्नेश अग्रवाल रत्तू ने संरक्षक विधायक लखन घनघोरिया महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू , उत्तर-मध्य के विधायक विनय सक्सेना एवं युवा समाजसेवी जय घनघोरिया, यश घनघोरिया, पार्षद हर्षित यादव, नयन रजक, राजेश सोनकर का माता की चुनरी उढ़ाकर सम्मान किया गया। विराट देवी जागरण की सुप्रसिद्ध देवी गीत गायिका शहनाज अख्तर की जोरदार शानदार देवी गीतो की प्रस्तुतियों में हजारों की संख्या में माता के भक्तगण, श्रद्धालुगण भजनो को सुनकर मंत्रमुग्ध हो गये और देवी गीतो पर नृत्य करते हुये। रात्रि में माँ नर्मदा जी के प्राक्ट्योत्सव पर शहनाज अख्तर जी ने माँ नर्मदा अष्टक की प्रस्तुति दी।

# आश्वासन नहीं आदेश चाहिए, उचेहरा में 5 गाड़ियों का स्टॉपेज चाहिए

## स्टेशन के बाहर प्रदर्शनकारियों की भारी भीड़, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**जबलपुर ,यशभारत।** पश्चिम मध्य रेल के उचेहरा रेलवे स्टेशन के बाहर आज सुबह से ही हजारों की तादाद में जनप्रतिनिधियों सहित अन्य लोगों ने कोरोना काल के बाद से बंद पड़ी रेलगाड़ियों को पुन : चालू करने की मांग को लेकर एक जंगी प्रदर्शन किया ।प्रदर्शनकारियों ने कहा कि आश्वासन नहीं आदेश चाहिए ।उचेहरा में 5 गाड़ियों का स्टॉपेज चाहिए ।आंदोलन करना हमारी मजबूरी है।



आंदोलनकारियों का कहना है कि उचेहरा क्षेत्र के व्यापारी संगठनों एवं क्षेत्र के जिम्मेदार नागरिकों द्वारा आज रेवांचल एक्सप्रेस, सारनाथ एक्सप्रेस, लखनऊ एक्सप्रेस, एवं रीवा चिरमिरी एक्सप्रेस के उचेहरा में स्टॉपेज की मांग को लेकर किये जा रहे जन आंदोलन का हम पूर्ण रूप से समर्थन करते हैं । प्रदर्शनकारियों का कहना है कि उचेहरा, जिले का एक मात्र ऐसा कस्बा है जो अपने परम्परागत व्यवसाय एवं ऐतिहासिक धरोहरों के लिए जाना जाता है ! उंचेहरा का पीतल उद्योग जहाँ राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान से हमें गौरवान्वित करता है वहीं ऐतिहासिक स्थल भरहुत विश्व पटल पर हमें स्थान देता है । उचेहरा का परसमनिया पठार अपनी प्राकृतिक संसाधनों एवं सुंदरता से लोगों का ध्यान अपनी ओर खीचता है । कोरोना काल से पहले उचेहरा में बहुत सी ट्रेनों का स्टापेज हुआ करता था लेकिन कोरोना काल के दौरान उक्त ट्रेनों का स्टापेज हमसे छीन लिया गया। कोरोना काल के नाम पर जिन स्टेशनों से ट्रेनों का स्टापेज छीना गया था उन्हें बहाल कर दिया गया लेकिन उचेहरा के साथ ऐसा नहीं किया गया । क्षेत्र की सम्मानित एवं जिम्मेदार जनता से हमारी अपील है कि आज के जनांदोलन में लोग अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता निभा रहे हैं प्रदर्शनकारियों का कहना है कि हमें उम्मीद है कि सब दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर क्षेत्र के विकास में जनता की आवाज बनेंगे ।

### आंदोलन में ये रहे उपस्थित

उचेहरा स्टेशन के बाहर हो रहे आंदोलन के दौरान पूर्व विधायक यादवेंद्र सिंह,पूर्व विधायक रामप्रताप सिंह,जनपद सदस्य ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू,पूर्व जिलापंचायत उपाध्यक्ष रश्मि सिंह,मानव अधिकार प्रदेशाध्यक्ष आर एस सोनी ,किसान यूनियन जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद सिंह,सुरेंद्र शर्मा,व्यापारी संघ अध्यक्ष पवन ताम्रकार, नगर परिषद अध्यक्ष निरंजन प्रजापति , किसान यूनियन जिला अध्यक्ष रामकलेष सिंह, सरपंच संघ अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह, प्रवक्ता जिला कांग्रेस अतुल सिंह परिहार , कैट जिला अध्यक्ष मनोहर दोलतानी,पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष हरीश ताम्रकार, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष उपेंद्र पाण्डेय , समाज सेवी कीर्ति कामदार सहित हजारों की तादाद में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### आरपीएफ जीआरपी एवं जिला पुलिस तैनात

उचेहरा रेलवे स्टेशन में गाड़ियों के स्टाफ इसको लेकर सुबह से ही भारी भीड़ रही सुरक्षा की दृष्टि से प्रदर्शनस्थल पर पुलिसकर्मी मौजूद रहे जिसमें आरपीएफ के 130, जीआरपी के 50 एवं जिला पुलिस के 185 जवान सुबह से ही प्रदर्शन स्थल पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था संभाले हुए हैं । समाचार लिखे जाने तक प्रदर्शन जारी है।

### क्या कहते हैं अधिकारी

उचेहरा स्टेशन पर कोरोना कॉल में बंद की गई 9 गाड़ियों में से 7 गाड़ियों को बहाल कर दिया गया है शेष दो गाड़ियों को चालू करने के लिए रेल मंत्रालय से बातचीत के माध्यम से दो गाड़ियों को पुनः बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है।

**विवेक शील**
**मंडल रेल प्रबंधक जबलपुर**

## जबलपुर के सौरभ कुशवाहा ने रचा इतिहास

# साउथ अफ्रीका की 19341 फीट ऊँची चोटी माउंट किलिमंजारो पर फहराया तिरंगा




**जबलपुर,यशभारत।** जबलपुर,के पर्वतारोही सौरभ कुशवाहा ने साउथ अफ्रीका की 5895 मीटर और 19341 फीट ऊँची चोटी माउंट किलिमंजारो पर साथी अंकित सेन के साथ गणतंत्र दिवस पर तिरंगा फहराकर इतिहास रच दिया। इसके लिए मध्यप्रदेश से केवल 2 लोगों को चयन हुआ था। इसके साथ ही अब दोनों पर्वतारोहियों को अंतर्राष्ट्रीय पर्वतारोही के रूप में पहचान मिली । अब ये विश्व के किसी भी पर्वत की चोटी पर पर्वतारोहण कर सकते है इनका अब अगला लक्ष्य माउंट एवरेस्ट है । सौरभ और अंकित ने उन सभी का आभार जताया जिन्होंने इन्हे यहाँ तक पहुँचने में मदद की है।

# पद्मश्री डा.डावर की उपलब्धि हमारे लिए गौरव

## गोल्डन हार्ट अस्पताल और जनरल फिजिशियन एसो.ने किया स्वागत



**जबलपुर यशभारत।** गत दिवस जनरल फिजिशियन एसोसिएशन जबलपुर एवं गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल जबलपुर के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में पद्मश्री से नवाजे गए डॉक्टर एमसी डावर का सम्मान किया गया। इस मौके पर कहा गया कि डा. एम सी डावर हमारे जनरल फिजिशियन एसोसिएशन के सम्मानीय सदस्य हैं। एसोसिएशन के सभी सदस्य उनकी इस उपलब्धि से गौरवान्वित और आनंदित हैं।इस मौके पर डा. अनि ठाकुर, डा.पुष्पराज पटेल डा.रमेश असावा डा.सुनील बहल डा.सुरेंद्र पांडे डा.दीपक अग्रवाल डा.के सी बडेरा डा.प्रमोद अशोक जैन शर्मा डा.सदन यादव डा.दीपक गोंटिया डा.सुशील कैले डा.अरुण मल्होत्रा डा.बी एल रूसिया आदि ने डॉ डावर का स्वागत करते हुए बधाइयाँ दी।

# वंदे भारत ट्रेनों में सफाई के आधुनिक तरीकों को अपनाने रेल मंत्री ने दिया निर्देश




**जबलपुर यशभारत।** रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वंदे भारत ट्रेनों में कचरा उत्पादन और संग्रह प्रणाली में बदलाव का निर्देश दिया है. यात्रियों द्वारा वंदे भारत ट्रेन में कूड़ा डालने के संबंध में कुछ मीडिया रिपोर्टों का संज्ञान लेते हुए, श्री वैष्णव रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को वंदे भारत ट्रेनों में सफाई के आधुनिक तरीकों को अपनाने का निर्देश दिया है. उन्होंने सफाई प्रक्रिया को उसी तरह अपनाने पर जोर दिया जैसा कि हवाई उड़ानों में किया जाता है. एक व्यक्ति कूड़ा उठाने के बैग को कोच के सामने ले जाएगा और कहेगा कि आसपास कूड़ा डाल दें. मंत्री ने इस संबंध में ट्वीट भी किया है और यात्रियों से रेलगाडियों को साफ सुथरा बनाए रखने हेतु सभी से मदद मांगी है. उल्लेखनीय है कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में, वंदे भारत ट्रेनों की कुछ तस्वीरें ट्वीट की गई, जिसमें ट्रेन अपने गंतव्य पर पहुंचने के दौरान खाने के पैकेट और अन्य कचरा बिखरा हुआ था. साथ ही, कुछ इंटरनेट उपयोगकर्ताओं ने माननीय रेल मंत्री से इस मुद्दे पर तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया था. इसी का संज्ञान लेते हुए रेलमंत्री ने सुधारात्मक कदम उठाए हैं।

# मध्यप्रदेश में कांग्रेस की पहचान थे पंडित मुंदर शर्मा

## 41वी पुण्य तिथि पर कांग्रेजनों ने किया भावभीना स्मरण



**जबलपुर, यशभारत।** बलदेवबाग स्थित पंडित मुंदर शर्मा की प्रतिमा स्थल पर उनकी 41 वी पुण्यतिथि के अवसर पर उनका भावभीना स्मरण किया गया। पंडित मुंदर शर्मा जन कल्याण समिति एवं उत्तर प्रदेश बिहार महासंघ के अध्यक्ष कामेश्वर शर्मा एवं उनके परिवार की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक विनय सक्सेना रहे ,कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में कांग्रेस के प्रदेश सह प्रभारी सी पी मित्तल, पूर्व नगर अध्यक्ष दिनेश यादव, क्षेत्रीय पार्षद हर्षित यादव, स्वतंत्र मत समाचार पत्र के संपादक महेश महदेल उपस्थित रहे। विधायक विनय सक्सेना एवं महापौर जगत बहादुर सिंह अनु ने पूर्व सांसद पंडित मुंदर शर्मा द्वारा मध्यप्रदेश में कांग्रेस पार्टी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने मैं दिए गए योगदान को याद करते हुए कहा कि पंडित मुंदर शर्मा पार्टी के कद्दावर नेता थे। उन्होंने मध्यप्रदेश में कांग्रेस पार्टी को एक नई पहचान दिलाई। साथ ही पार्टी को मजबूत और सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर मनोज मिश्रा कुणाल शर्मा,विजय मिश्रा,नागेंद्र मिश्रा,के एन सिंह यादव, राजीव लाल श्रीवास्तव,सलपनाथ यादव जयप्रकाश जयसवाल, राजीव सिंह, गीतांजलि शर्मा, विमला सिंह, संजय सिंह, प्रहलाद चौरसिया, अंकित वर्मा ऋषि केशरवानी, अंकुर यादव, रामू यादव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## सब इंस्पेक्टर सुनीता पंच ने जीता गोल्ड मैडल

**जबलपुर , यशभारत।** मध्यप्रदेश पुलिस में पदस्थ उप निरीक्षक सुनीता पंच ने एक और मैडल अपनी झोली में डाला है। हाल ही में औरंगाबाद महाराष्ट्र में आयोजित राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग बेंच प्रेस प्रतियोगिता में सुनीता पंच ने गोल्ड मैडल जीता है। उनकी इस कामयाबी में आईजी उमेश जोगा, डीआईजी आरपीएस परिहार और एसएसपी सिद्धार्थ बहुगुणा ने उन्हें बधाई दी है। वर्तमान में डीएसबी में पदस्थ एसआई सुनीता पंच ने अभी तक कई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश पुलिस और जबलपुर जिले का नाम रोशन किया है। सुनीता पंच की कामयाबी पर जबलपुर एसएसपी सिद्धार्थ बहुगुणा ने खुशी जताई है। एसआई सुनीता के ''गोल्ड मेडल'' जीतने पर एसएसपी सिद्धार्थ बहुगुणा ने बधाई देते हुये कहा कि आपने जबलपुर पुलिस का ही नहीं, पूरे मध्य प्रदेश पुलिस का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के खिला?ी जो कि अपनी ड्यूटी के साथ साथ अपने विभाग का नाम भी रोशन करते है ऐसे खिलाडियों का हम दिल से आभार व्यक्त करते है। जबलपुर जिले में पदस्थ महाकौशल खेल रत्न तथा विक्रम अवार्ड प्राप्त उप निरीक्षक सुनीता पंच ने औरंगाबाद महाराष्ट्र में आयोजित सब जूनियर, जूनियर, सीनियर, मास्टर्स ओपन नेशनल पावर लिफिटंग बेंच प्रेस प्रतियोगिता में 76 किलो भार उठाकर बेच प्रेस में ''गोल्ड मैडल '' जीता है। पुलिस विभाग ने मध्यप्रदेश पुलिस का नाम रोशन करने पर उन्हें बधाई दी है।

# स्टोर ड्रेगन ने ईस्ट ईगल को हराकर विजेता का खिताब जीता



**जबलपुर, यशभारत ।** जबलपुर के रामपुर स्थित पांडुताल मैदान में खेली गई विद्युत चैलेंजर्स लीग टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में स्टोर ड्रेगन की टीम ने ईस्ट ईगल इलेवन को 22 रनों से पराजित कर विजेता का खिताब जीत लिया। स्टोर ड्रेगन ने 15 ओवर के मैच में तीन विकेट खोकर 168 रनों का बडा स्कोर खडा किया था जबकि ईस्ट इलेवन सात विकेट खोकर 146 रन ही बटोर सकी । प्लेयर आफ दि मैच का खिताब स्टोर ड्रेगन के आमीन को दिया गया। स्टोर ड्रेगन के ही विजय सिंह ने 56 गेंदों में 15 छक्कों की मदद से 112 रन बनाकर प्लेयर आफ दि टूर्नामेंट का खिताब हासिल किया। स्टोर ड्रेगन के इमरान खान ने अंतिम ओवर में 12 रन देकर 2 विकेट लेकर मैच को कब्जे में कर लिया। ईस्ट ईगल के नितेश कनौजिया ने 66 रन बनाए जबकि प्रतीक एवं इकबाल खान ने अपनी अपनी टीम के लिए 2-2 विकेट गिराए। मुख्य अतिथि अरविंद चौबे, मुख्य अभियंता जबलपुर क्षेत्र एवं विशिष्ट अतिथि संजय भागवतकर, मुख्य महाप्रबंधक -कार्य ने ईस्ट ईगल इलेवन को उपविजेता तथा स्टोर ड्रेगन की टीम को विजेता की ट्राफी प्रदान की । प्लेयर आफ द टूर्नामेंट विजय सिंह को साइकिल भेंट की गई। उल्लेखनीय है कि 15 जनवरी से खेली जा रही विद्युत चैलेंजर्स लीग टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के जबलपुर स्थित विभिन्न संभागों की 10 टीमों ने हिस्सा लिया।

## मेयर इन काउंसिल की बैठक कल

**जबलपुर, यशभारत।** मेयर इन कांउसिल की बैठक 30 जनवरी 2023 दिन सोमवार को अपरान्ह 03:00 बजे से निगम परिसर स्थित महापौर कक्ष में आयोजित की गई है। इस आशय की जानकारी निगम मेयर इन कांउसिल सचिव खूबचंद पांडेय के द्वारा दी गई है।

## सत्येंद्र जैन (काउ) का निधन



**जबलपुर।** श्री चौधरी जी जैन मंदिर के पास, नर्मदा मांई मंदिर की गली हनुमानताल निवासी सत्येंद्र जैन (काउ) का निधन हो गया है । वे स्व. चौधरी कन्छेदीलाल के पुत्र दीपेश दीपू के पिता एवं स्वप्निल गोलू के चाचा थे। अंतिम संस्कार रानीताल मुक्तिधाम में किया गया ।आप लायन नरेन्द्र जैन नेता, सुनील चेनू, अनिल पप्पू एवं दिनेश जैन पैय्याजी के चाचा थे।

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शहपुरा (निटोनी) जिला जबलपुर

रा.प्र.क्र./0008/बी-113/2022-23
ग्राम-लम्हेटा प.ह.नं. 34
रा.नि.मं.शहपुरा

**आम अश्तहार**

आम जनता ग्राम नटवारा प.ह.नं. 34 रा.नि.म. शहपुरा तहसील जिला जबलपुर की सूचित किया जाता है कि आवेदक सेठ मन्नूलाल जगन्नाथ दास हॉस्पिटल ट्रस्ट जबलपुर द्वारा मैनेजर सुधेश मिश्रा निवासी जबलपुर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है मौजा नटवारा प.ह.नं. 50 राजस्व निरीक्षक मण्डल शहपुरा जिला जबलपुर स्थित भूमिया खसरा नंबर 59/1,59/3, 60,63/1, 63/3, 63/4, 64,68/1, 68/3,70, 73, 77/1, 77/3, 77/5, 78/1, 78/3, 133, 141, 151, 152, 324, 334/1/1, 338/1, 401, 403, 464, 468, 506/1, 507, 512, 513, 520, 547, 558, 559, 604 रकबा कमशः 1.46, 10.29, 4.25, 12.46 0.60, 0.02, 12.00, 2.69, 0.50, 11.36, 8. 08, 2.22, 12.87, 0.50, 7.00, 0.94, 1.28, 0.42, 10.32, 11.36, 2.62, 1.69, 1.28, 1.01, 0.75, 16.02, 14.92, 0.54, 0.80, 0.11, 0.05, 1.29, 0.75, 8.31, 34.58, 4.92, कुल रकवा 200.26 हे. सेठ मन्नूलाल जगन्नाथदास ट्रस्ट हास्पिटल हनुमानताल जबलपुर के नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उपरोक्त ट्रस्ट की भूमियों में से खसरा नंबर 338/1, 506/1, 507 रकवा क्रमशः 1.280, 0.540, 0.800 हे. को ट्रस्ट के हित के लिए विक्रय किये जाने की अनुमति चाही गई है। आवेदक उक्त भूमि विक्रय करने की अनुमति दिए जाने जिस किसी व्यक्ति या हितबद्ध पक्षकारों को कोई आपति हो तो यह अपनी आपति दावा पेशी दिनांक तक प्रस्तुत कर सकता है बाद में प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा । अतः उक्त भूमि विक्रय किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह नियत दिनांक 07/02/2023 को न्यायालय में स्वंय या अधिकृत व्यक्ति / अधिवक्ता के माध्यम से अपनी दावा आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के उपरान्त किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 06/01/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी
पेशी दिनांक-07/02/2023

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**शहपुरा (भिटोनी) जिला जबलपुर**



# नेत्रहीन विद्यालय में बालिकाओं को आवश्यक सामग्री प्रदान की

**जबलपुर, यशभारत।** अखिल भारत वर्षीय महिला परिषद की मननमति शाखा रांझी चंदना संभाग द्वारा बसंत पंचमी पर मां सरस्वती का पूजन एवं तिरंगे झंडे को सलामी देते हुए राष्ट्रगान के साथ गणतंत्र दिवस मनाया । नेत्रहीन विद्यालय में जाकर बालिकाओं को आवश्यकता की सामग्री प्रदान की जिसमें दाल तेल टॉफियां स्टेशनरी आदि सामग्री वितरण के कार्यक्रम की अध्यक्ष श्रीमती दीपशिखा जैन ,सचिव श्रीमती शिल्पी जैन ,सांस्कृतिक मंत्री आरती जैन, निशा जैन ,अलका जैन स्वास्थ्य मंत्री, सविता जैन निधि जैन शैक्षणिक मंत्री प्रीति जैन विशेष सलाहकार रीना जैन सीबीजैन रोशनी जैन आदि ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# कलेक्टर ने लिया खेलो इंडिया की तैयारियों का जायजा

**जबलपुर, यशभारत।** रानीताल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं । कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने आज रविवार की सुबह नगर निगम आयुक्त आशीष वशिष्ठ के साथ रानीताल खेल परिसर पहुँचकर खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तैयारियों का जायजा लिया । खेलो इंडिया यूथ गेम्स में जबलपुर में चार खेलों खो-खो, तीरंदाजी, तलवारबाजी और साइक्लिंग की प्रतियोगिता आयोजित की जा रही हैं । राष्ट्रीय स्तर की इन प्रतियोगिताओं में देश के विभिन्न राज्यों के करीब 800 खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं । टीमों का जबलपुर पहुंचना शुरू हो चुका है । पहले दिन कल 30 जनवरी से खो-खो की प्रतियोगिता प्रारम्भ होगी । सुबह 10.30 बजे मेजबान मध्यप्रदेश और पश्चिम बंगाल के ग्रुप ए की बालक वर्ग की टीमों के बीच पहला मुकाबला खेला जायेगा । खो-खो प्रतियोगिता में 18 वर्ष तक की आयु के बालक और बालिका वर्ग में देश के विभिन्न राज्यों की आठ-आठ टीमें शामिल हो रही हैं । सभी मैच विशाल डोम के नीचे मैट पर खेले जायेंगे।



## मृतक की पहचान हेतु



दिनांक 27.01.2023 को दिन 03.00 बजे करीब पर्यटक के व्यक्तियो को नौका विहार कराने नाव से नौका बिहार भ्रमण कर पंचवटीघाट में पत्थरो के किनारे एक पुरुष अज्ञात उम्र करीब 35-40 साल का शव पर हालत में बदन पर लालधारी हल्की सफेद चौकड़ी दार शर्ट नीचे के भाग में काले रंग का फुल पैन्ट शव पानी में रहने से फूल गया है। सूचना पर असल मर्ग क्र 0 04/2023 धारा 174 जा.फी. का कायम कर जाँच में लिया गया । मौके पर मृतक की पहचान कराई गई। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।

अतः अपने अपने थाना के गुम इंसान से मिलान कर मिलान होने पर सूचना थाना तिलवारा को देने का काम करें।

**संपर्क सूत्र- (1) थाना प्रभारी तिलवारा मो. नं. 7587616274**
**(2) टीकाराम चौधरी मो नं 6263657391**

## पश्चिम मध्य रेल

**सामग्री प्रबंधन विभाग (भंडार आपूर्ति हेतु 'ई'-निविदा सूचना, संख्या: EPS/05/2022)**

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/ डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/ विनिर्देशन के लिए वेबसाइट https://ireps.gov.in पर 'ई' निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

| क्र.सं | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | निविदा मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | 20224097 | Pinion Shaft 21 TEETH FOR WAG9 | 344 Nos. |
| 2 | 20221892 | Metallised Carbon Strip | 2917 Nos. |
| 3 | 20222192A | Set of contact (fixed & mobile) silver tipped | 36 Set. |
| 4 | 20222608 | Glass Shutter Assly for self balancing window | 533 Nos. |
| 5 | 30221752A | Improved High Tensile tight lock Centre buffer coupler | 12 Nos. |
| 6 | 30231562 | Kit for Common Pipe Bracket consisting of 3 items | 808 Set. |
| 7 | 38222108 | Air Brake hose coupling for brake pipe | 25546 Nos. |
| 8 | 50224007 | Red Green Yellow LED | 2168 Nos. |
| 9 | 80221147 | Soap Toilet in cake of 100 grams | 254700 Nos. |
| 10 | 80221137B | Compressed Oxygen Gas | 27614 CUM. |
| 11 | 81225138 | Metal Liner Combination | 77022 Set. |
| 12 | 81225193A | CSK NIB BOLT | 10600 Nos. |
| 13 | 81225039 | Radiator For Cummins Engine KTA-1150L | 01 Nos. |
| 14 | 81225062 | Wear Plate required for BCM Machine | 28 Nos. |
| 15 | 81225161 | Bearing Part No. NU1040-XL-M1 FOR BCM Machine | 02 Nos. |
| 16 | 81225055 | Hydraulic Solenoid Plug Plasser | 250 Nos. |
| 17 | 81225202 | Dredger drum disc (turret gear) | 10 Nos. |
| 18 | 81225200 | Cutting Chain Assembly | 02 Set. |
| 19 | 81225071 | Plough Plate Long | 24 Nos. |
| 20 | 81225196 | Conveyor Belt | 74 Nos. |

खोलने की तिथि क्रमांक 1 से 20-**23.02.2023.**

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, प.म.रे., जबलपुर

वैक्सीन अवश्य लगवाएं, जीवन के हर सफर को सुरक्षित बनाएं!

# अब जेल में खेलेंगे बंदी : खेलकूद सामग्री की गई भेंट



**जबलपुर, यशभारत।** 26 जनवरी 2023 गणतंत्र दिवस के अवसर पर केंद्रीय जेल जबलपुर से 13 पुरुष तथा 2 महिला सहित कुल 15 बंदियों को रिहा किया गया। तथा वरिष्ठ जेल अधीक्षक अखिलेश तोमर जबलपुर के मार्गदर्शन में गैरिसन ग्राउंड पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में इस जेल की झांकी निकाली गई। इसके उपरांत जेल में IOCL के द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर परिवर्तन prision to praid के चौथे चरण का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में IOCL के स्टेट हेड दीपक कुमार बासु उपाथित हुए। इस आयोजन के माध्यम से IOCL मुंबई से चेयरमैन श्रीकांत माधव वैद्य वर्चुअल उपस्थित होकर एक साथ भारत के विभिन्न राज्यों की 12 जेलों को संबोधित करते हुए परिवर्तन prision to pride अभियान के चौथे चरण का शुभारंभ मध्यप्रदेश के जबलपुर में किया गया। इस आयोजन के माध्यम से नेताजी सुभाषचन्द्र बोस केंद्रीय जेल जबलपुर के बंदियों के लिए विभिन्न प्रकार की खेलकूद की सामग्रियां शतरंज, लूडो, कैरम, वालीबॉल टेबल टेनिस तथा टेनिस बॉल क्रिकेट आदि के खेल सामग्रियों के किट, ट्रेक शूट एवं जूता आदि वितरित किया गया। वरिष्ठ जेल अधीक्षक अखिलेश तोमर द्वारा IOCL के स्टेट हेड दीपक कुमार बासु एवं IOCL चेयरमैन श्रीकांत माधव वैद्य के द्वारा प्रारम्भ किये गये इस अनूठी पहल हेतु जेल परिवार की तरफ से धन्यवाद दिया गया । इस अवसर पर जेल उप अधीक्षक मदनकमलेश, कार्यवाहक उप जेल अधीक्षक राकेश मोहन उपाध्याय, श्रीमती रूपाली मिश्रा, सहायक जेल अधीक्षक कुलदीप सिंह ठाकुर, हिमांशु तिवारी एवं श्रीमती अंजू मिश्रा उपस्थित रहे।




# खजूर के साथ दूध की गुणकारी जुगलबंदी

**ठंड के मौसम में खान-पान का विशेष ध्यान रखना जरूरी है। इसीलिए इस मौसम में कई चीजें विशेष तौर पर खाने के उपयोग में लाई जाती हैं जिनसे स्वास्थ्य अच्छा होता है। ऐसी ही चीजों में से एक है खजूर। इसका सेवन सीधे कर सकते हैं वहीं दूध में पकाकर या फिर लड्डू और हलवा बनाकर भी।**

## फायदे भरपूर

वैज्ञानिकों द्वारा ऑल पर्पज ट्री नाम से नवाजा खजूर अपने आप में एक टॉनिक है। कहते हैं कि खजूर के 800 फायदे होते हैं। सर्दियों में सेहत बनाने के लिए यह बेहतर आहार है।



विशेषज्ञों के मुताबिक एक खजूर में 23 कैलोरी होती है इसीलिए खजूर को सुपरफूड का दर्जा हासिल है। खजूर में भरपूर फाइबर होता है जो पाचन तंत्र की सफाई करता है। वहीं इसमें मैग्निशियम भी मौजूद है। अमेरिकन जर्नल ऑफ क्लीनिकल न्यूट्रीशन की रिसर्च के मुताबिक, अगर कोई व्यक्ति एक दिन में 100 मिलीग्राम मैग्निशियम ले तो हार्ट अटैक का खतरा 9 फीसदी कम हो जाता है। खजूर का सेवन पोटेशियम भी प्रदान करता है। इसके सेवन से शरीर में आयरन की कमी पूरी होती है। खजूर में वो सभी विटामिन होते हैं जो नर्वस सिस्टम के लिए जरूरी हैं। आयरन से भरपूर खजूर गर्भवती महिलाओं के लिए बेहद उपयोगी है। खजूर मां के दूध को भी पोषक बनाते हैं। आंखों के रोगों के लिए खजूर उपयोगी है। इसमें मौजूद विटामिन बी-5 बालों को मजबूत बनाता है।

## कुछ खासियतें

खजूर का वानस्पतिक नाम फीनिक्स डेक्टाइलीफेरा है। इसकी खेती इराक, सऊदी अरब, मिस्र, लीबिया, पाकिस्तान, मोरक्को, सूडान, अमेरिका तथा स्पेन में की जाती है। भारत खजूर का सबसे बड़ा आयातक है। खजूर की तकरीबन 240 से 360 किस्में हैं। बाजार में सबसे ज्यादा महंगा बिकने वाला अजवा खजूर है। कहते हैं इसकी गुठली मुंह में डेड़-दो घंटे तक गुलाब का स्वाद देती है।

## खजूर वाला दूध

दो कप दूध लें। 5-7 खजूर को धोकर छील लें, गुठली निकाल लें व काट लें। कटे हुए इन खजूर के टुकड़ों को 15-20 मिनट तक दूध में करीब आधा होने तक उबालें।

## खजूर के लड्डू

सामग्री ः खजूर एक कप, नारियल- आधा कप टुकड़े, घी, बादाम व काजू प्रत्येक के दो-दो चम्मच, 4 छोटी इलायची।
विधि ः पहले खजूरों को धोकर उसका पानी सूखने दें। खजूर को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटें, गुठली हटा दें। एक काजू 7-8 टुकड़ों में काटें। नारियल के टुकड़ों को पीसकर पाउडर बना लें व बादाम को भी पीस लें। खजूर के टुकड़े 2 चम्मच पानी डाल दरदरे पीस लें। इलाइची छील कर पाउडर बना लें। कढ़ाई में घी गरम कर खजूर का पेस्ट डालें और 4-5 मिनट तक भूनें। उस भुने पेस्ट में नारियल पाउडर मिला लें। काजू, इलाइची और बादाम डालकर सारी चीजें मिक्स कर दें। मिक्स्चर ठंडा होने पर उसके लड्डू तैयार कर प्लेट में रखें। बाद में लड्डू को एअर टाइट डिब्बे में रखिये। करीब एक माह तक खाने लायक रहता है।

## मावा मिक्स लड्डू ः

एक कप खजूर व इतना ही मावा ले लें। चीनी का पाउडर 1/4 कप लें। मावे को हल्का ब्राउन होने तक भून लें। खजूर को 2 चम्मच पानी डाल दरदरा पीस लें। उस पेस्ट को भून लें व उसमें भुना हुआ मावा और काजू, इलाइची पाउडर मिलाकर लड्डू बनाएं। फ्रिज में रखें तो 2 हफ्ते खाने योग्य रहते हैं।

-रेणु जैन

# सकारात्मक पहल से ही माहौल खुशगवार

**जैसे अच्छी बातों, विचारों और बर्ताव की कड़ियां सहजता से जुड़ती जाती हैं। सकारात्मक पहल अच्छी सोच को आकर्षित करती है। सधा-सम्मानजनक व्यवहार आदर भाव से भरा परिवेश बनाता है। साथ देने के लिए बड़ा एक कदम दूसरों में भी मदद का ज?बा जगा देता है। वैसे ही नकारात्मकता भी पूरे माहौल को प्रभावित करती है। गलत बर्ताव और सोच की भी एक श्रृंखला बनती जाती है। इस मामले में एक ताजा शोध वाकई विचारणीय है। स्कूल, कॉलेज और ऑफिस में बुलीइंग की घटनाओं को लेकर हुए इस शोध के मुताबिक, ऑफिस में बुलीइंग के शिकार लोग खुद भी षड्यंत्र करने लगते हैं।**

ऐसे लोगों का गपशप, अफवाह और बेवजह की चर्चा करने में ज्यादा विश्वास हो जाता है। ब्रिटेन की नॉटिंघम और फ्रांस की नैनटेरे यूनिवर्सिटी द्वारा किए गए एक शोध में इसका कारण भी सामने आया है। अध्ययन बताता है कि दफ्तर में 75 फीसदी लोग बुलीइंग के शिकार होते हैं। बुली किए गए लोग अवसाद का शिकार हो जाते हैं। कामकाजी मोर्चे पर पिछड़ने लगते हैं। इस मनःस्थिति में वे दूसरों के खिलाफ भी अफवाहें फैलाने लगते हैं। नकारात्मक बातें करने लगते हैं। देखा जाये तो इस रिसर्च के नतीजों से स्कूल, कॉलेज और ऑफिस ही नहीं, आम जीवन में बढ़ती नेगेटिविटी के कारणों को भी गहराई से समझा जा सकता है। उनका हल निकाला जा सकता है।

## व्यक्तिगत मोर्चे पर

व्यक्तिगत मोर्चे पर इंसान बहुत जल्दी इस भाव से घिर जाता है। किसी से मिले बुरे बर्ताव या भाव के बाद उसके प्रति रोष मन में पलने लगता है। लेकिन यह रोष खुद को ही नुकसान पहुंचाता है। साथ ही किसी ओर के नेगेटिव व्यवहार के स्याह अहसास भी हर पल मन में रहते हैं। दुर्भाव की यह श्रृंखला भले कहीं ओर से शुरू होती है, पर हमें भी जाने-अनजाने खुद से जोड़ लेती है। एक बार इस दोषपूर्ण दृष्टिकोण को अपनाने के बाद इससे निकलना भी आसान नहीं। ऐसे में समय रहते खुद के बदलते बर्ताव को समझें। दूसरों का व्यवहार आपके विचारों को दिशा देने लगे तो चेत जाना जरूरी है।

## घर-परिवार का दायरा

घर-परिवार के मामले में भी नकारात्मकता का यह फैलाव देखने को मिल ही जाता है। अधिकतर मामलों में तो रिश्तों में आई खटास का कारण जैसे को तैसा की सोच भी होती है। कई बार हमने जो देखा-जिया वैसा ही दूसरा भी जिये, का विचार भी इसके पीछे होता है। हमारी सास ने हमारे साथ यह किया तो हम भी अपनी बहू के साथ वही करेंगे। रिश्तेदारी में किसी ने नासमझी दिखाई तो हम भी पीछे नहीं रहेंगे। जबकि बीते समय की पीड़ादायी बातें हों या वर्तमान में किया गया मन दुखाने वाला बर्ताव। भुला देना ही बेहतर है। सुकून के लिए भी नेगेटिविटी की चेन से खुद को बाहर रखना आवश्यक है।

## सामाजिक जीवन में

सामुदायिक स्तर पर तो किसी कुरीति को पोषण देने से लेकर सहज जीवन से जुड़े भाव-चाव तक, बहुत कुछ देखा-देखी ही किया जाता है। बहुत सी बातें फॉलो करने लायक नहीं होतीं। बावजूद इसके दूसरे भी वही करने लगते हैं, जो होता आया है। कई बार तो दूसरों की नेगेटिव अप्रोच के समान ही खुद कुछ न करने पर लोग अपने आप को कमतर आंकने लगते हैं। तभी तो सकारात्मक बदलाव के बजाय रूढ़िवादी सोच की श्रृंखला बरसों बरस चलती रहती है। जरा सी बात बिगड़ते ही एक-दूसरे के प्रति अफवाहें फैलाने का काम भी खूब होता है। नतीजतन सामाजिक व्यवस्था में नकारात्मक सोच की एक अंतहीन चेन बन जाती है। जो हरेक के लिए नुकसानदेह है। इससे बचना जरूरी है।

×डॉ. मोनिका शर्मा

# आंतरिक तीर्थ यात्रा में सुख

आनन्द मानव जीवन का सार्वभौमिक लक्ष्य है। प्राचीन काल से ही मनुष्य प्रसन्नता की तलाश में है। लेकिन खुशी मनुष्य को आसानी से नहीं मिलती। जितना ही व्यक्ति इसके पीछे दौ?ता है, उतना ही वह उसको चकमा देती है। भगवद्गीता में आनन्द के विषय में विस्तृत रूप से चर्चा की गई है, और व्यापक कल्याण का एक स्पष्ट संदेश दिया गया है। श्रीकृष्ण ने अपने संवाद की शुरुआत में ही इस बात पर बल दिया है कि मनुष्य के जीवन में शोक का कोई स्थान नहीं है; क्योंकि मनुष्य की मूल प्रकृति है आत्मा, जो कि अविनाशी और अमर है तथा किसी भी प्रकार के दुःख से परे है।

भौतिक प्रकृति के तीन भेदों (अर्थात? गुणों) के अनुरूप आनन्द या सुख भी तीन प्रकार के कहे गए हैं। आत्मा के आत्मसात? ज्ञान से प्राप्त हुए सुख को अच्छाई के गुण वाला (अर्थात? सात्विक सुख) कहा जाता है। ऐसे आनन्द के परिणामस्वरूप सभी दुःखों का अंत हो जाता है। ऐसे सुख लंबे आध्यात्मिक अभ्यासों के बाद प्राप्त होते हैं। इन्द्रियों के अपने विषयों से सम्पर्क द्वारा उत्पन्न होने वाले सुख को रजोगुण वाला (राजसिक सुख) कहा जाता है। ऐसा सुख पहले तो अमृत जैसा प्रतीत होता है, लेकिन उसका अंतिम परिणाम विष के समान होता है। और वह जो शुरू से अंत तक आत्मा को भ्रांत करने वाला है; ऐसा सुख अज्ञानता के गुण वाला (अर्थात? तामसिक सुख) कहा जाता है।

इस प्रकार, खुशी की किस्में गुणों के भेद के अनुसार परिभाषित की गई हैं। इन्द्रियों की संतुष्टि से जो सुख मिलता है उसको तामसिक सुख कहा जाता है। इस प्रकार के क्षणिक सुख व्यक्ति को प्रमाद की ओर ले जाते हैं तथा आत्मा को अज्ञान के अंधेरे में धकेल देते हैं। ऐसे सुखों में आसक्त रहने वाला तामसिक व्यक्ति जीवन भर बुरे कर्मों से बंधा रहता है।

एक राजसिक व्यक्ति अपने धन और सत्ता की शक्ति तथा कीर्ति से सुख पाता है। ऐसी खुशी शुरू में बहुत आकर्षक और मनभावन लगती है, क्योंकि यह विलास और स्वामित्व का गौरव देती है; परन्तु अंत में यह दुख का कारण साबित होती है, क्योंकि वह कभी न पूरी होने वाली अत्यधिक इच्छाओं को जन्म देती है। इस प्रकार, भौतिक सुख अल्पकालिक है।

आध्यात्मिक अभ्यास आरंभ में कष्टदायक प्रतीत होते हैं, क्योंकि ये बहुत संयम और अनुशासन की अपेक्षा रखते हैं। लेकिन अंततः वे सांसारिक दुखों के पार पहुंचा देते हैं। सात्विक सुख व्यक्ति के अपने मन की शान्ति से उत्पन्न होता है। जब व्यक्ति भौतिक सुखों की चिन्ता छो? देता है, तब वह अपने ही भीतर वो आनन्द पाता है जो आत्मा में हमेशा स्थित होता है। ऐसा आंतरिक सुख चिरकालिक होता है। ऐसा प्रसन्नचित्त व्यक्ति किसी भी स्थिति में अविचल रहता है।

ये तीन प्रकार के सुख एक-दूसरे के विपरीत नहीं हैं। बल्कि सभी प्रकार के सुख मिलकर ही किसी व्यक्ति के जीवन को सुखमय बनाते हैं। जीवन में आनन्द की ओर ले जाने वाले दो मार्ग हैं, एक है 'सुगम' लेकिन हानिकारक और दूसरा 'दुर्गम' लेकिन हितकार। ये क्रमशः क्षणिक तथा चिरकालिक सुख के मार्ग हैं।

आनन्दपूर्वक जीवन जीने का एक अनिवार्य नियम है मन की समता। व्यक्ति को पूर्ण समभाव की प्रवृत्ति विकसित करनी चाहिए तथा जो भी उसे मिले, वह सहर्ष स्वीकार करना चाहिए। वो ज्ञानी पुरुष जो समभाव से युक्त होते हैं और जो कर्मों के फल को त्याग देते हैं, वे उस आनन्दमय स्थिति को प्राप्त कर लेते हैं, जो किसी भी दुख से परे हैं।

-विजय सिंघल

# आपका राशिफल 30 जनवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ)
आपके पूंजीगत निवेशों से भी लाभ होगा। पारिवारिक उत्तरदायित्व अधिक रहेगें। पदोन्नति मिलने का योग हैं। आमदनी में वृद्धि होगी। यात्रा में सावधानी बरतें। क्षमता से अधिक कार्य करने से मर्ज बिगड़ सकता है। मनचाहा स्थानान्तरण मिल सकता है। अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहें। शुभांक-2-5-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। बौद्धिक कार्यों में दक्षता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मन: स्थिति से अधिक प्रभावित रहेगा। शुभांक-3-4-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
पुरूषार्थ और कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में आप वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक समय उपलब्धिकारक रहेगा। शुभांक-4-5-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष से सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। शुभांक -4-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
निकटस्त व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में बाधा को दूर करेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-3-5-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-5-7-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभांक-1-5-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
विवादों व मुकदमेबाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-7-9


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग मिलेगा। स्वयं को अधिक सक्रिय पाएंगे। शुभांक-3-5-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी)
ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-2-5-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
हरि करे सो खरी अत: हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। शुभांक-3-4-6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंग। धार्मिक कार्य में समय व धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। शुभांक-2-4-7

## फिल्म वर्ग पहेली- 6061



**बायें से दायें:-**

१. सैफ, चंद्रचूड़, प्रीति की 'इसे खेल ना समझो' गीत वाली फिल्म-१,३
४. 'एक लड़की जिसके' गीत वाली संजय दत्त, जैकी, रवीना की फिल्म-२
६. गोविंदा, रवीना टंडन की 'सासूजी थारो लल्ला' गीत वाली फिल्म-३
७. 'हम दिल दे चुके सनम' में सलमान की मां की भूमिका किसने की थी-३
८. ऋषि कपूर, जूही चावला वाली फिल्म 'दरार' में सहनायक कौन था-४
१०. 'रंग दे रंग दे' गीत वाली फिल्म 'तक्षक' के संगीत निर्देशक कौन हैं-४
१४. राजकुमार, जीतेंद्र की फिल्म 'मेरे हुजूर' की नायिका कौन थी-२
१५. 'दिल है तुम्हारा' में अर्जुन रामपाल के किरदार का क्या नाम है-२
१६. राजेंद्रकुमार, बी. सरोजादेवी की 'जाना तुम्हारे प्यार में' गीत वाली फिल्म-४
१९. 'इस टूटे दिल' गीत वाली अनिल, अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२०. अक्षयकुमार, करिश्मा की 'माथे पे चमके इसके' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'सोला किये थे' गीत वाली मिथुन, शिल्पा शिरोडकर की फिल्म-४
२४. आमिर खान, माधुरी की 'मुझे नींद न आये' गीत वाली फिल्म-२
२५. नाना पाटेकर, जैकी श्रॉफ, कुमार गौरव, जावेद, जूही की फिल्म-२
२६. राजकपूर, दिलीपकुमार की 'उठाये जा उनके' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'ओ मेरे सनम ओ मेरे सनम' गीत वाली फिल्म-३
२८. राजेंद्रकुमार, माला सिन्हा की 'जिसके सपने हमें रोज' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'जाने क्या होगा रामा रे' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

२. आफताब, लिसा रे की 'कितना बेचैन हो के' गीत वाली फिल्म-३
३. 'तेरे बिना मैं कुछ' गीत वाली मिथुन, अतुल अग्निहोत्री, पूजा भट्ट की फिल्म-३
४. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'यारी है ईमान मेरा' गीत वाली फिल्म-३
५. 'बोल गोरी बोल तेरा कौन पिया' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
७. फिल्म 'रजिया सुल्तान' में शीर्षक भूमिका किसने की थी-२
८. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'मीत ना मिला रे मन का' गीत वाली फिल्म-४
९. संजय दत्त, इंद्रकुमार, मनीषा की फिल्म-२
११. शॉवर अली, तरूण अरोड़ा, मेघना की 'तेरी चाहत में' गीत वाली फिल्म-३
१२. राजेश खन्ना, शबाना की 'चलो बुलावा आया है' गीत वाली फिल्म-४
१३. सनी, रजनीकांत, श्रीदेवी की फिल्म-४
१७. अजय, अक्षय, करिश्मा, नगमा की 'शावा ये नखरा' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीत वाली अमिताभ, जीनत की फिल्म-२
२०. सनी, तब्बू, रीमा सेन की फिल्म-२
२१. 'दिल का तोहफा लाई हूँ' गीत वाली फिल्म-४
२२. आयशा, दिव्या भारती, कमल सदाना की 'तेरी मुहब्बत' गीत वाली फिल्म-२
२३. 'ये काली काली आँखें' गीत वाली फिल्म-४
२४. सनी, बॉबी, उर्मिला की फिल्म-३

**फिल्म वर्ग पहेली- 6060**




Jagrutidaur.com, Bangalore

# 137 वर्षों से 32 खंभों पर टिका है ये प्रसिद्ध शक्तिपीठ

दंतेवाड़ा जिले के नक्सली इलाके में घोर जंगल और पहाडों के बीच स्थित ये मंदिर 137 सालों से 32 मोटे खंभों पर टिका है। ऐसा कहा जाता है कि राजा की एक गलती के चलते ये मंदिर बनाया गया। इस मंदिर में सिले हुए वस्त्रों को पहनकर जाने की मनाही है। यहां पुरुषों को धोती या लुंगी लगाकर ही प्रवेश करने दिया जाता है।

## इतिहास

कहते हैं यहां देवी सती का दांत गिरा था। इसलिए इन्हें दंतेश्वरी माता कहा गया। राजधानी से करीब 380 किमी दूर दंतेवाडा में शंखिनी और डंकिनी नदियों के संगम पर स्थित इस मंदिर के बनने की कहानी बहुत रोचक है। कहते हैं इस मंदिर का निर्माण महाराजा अन्नमदेव ने चौदहवीं शताब्दी में किया था। वारंगल राज्य के प्रतापी राजा अन्नमदेव ने यहां आराध्य देवी मां दंतेश्वरी और मां भुवनेश्वरी देवी की स्थापना की। एक दंतकथा के मुताबिक अन्नमदेव जब मुगलों से पराजित होकर जंगल में भटक रहे थे तो कुलदेवी ने उन्हें दर्शन देकर कहा कि माघ पूर्णिमा के मौके पर वे घोडे पर सवार होकर विजय यात्रा प्रारंभ करें। वे जहां तक जाएंगे, वहां तक उनका राज्य होगा और स्वयं देवी उनके पीछे चलेंगी। लेकिन पीछे मुढकर मत देखना।वरदान के अनुसार राजा ने वारंगल के गोदावरी के तट से उत्तर की ओर अपनी यात्रा प्रारंभ की। राजा अपने पीछे चली आ रही माता का अनुमान उनके पायल की घुंघरुओं से कर रहे थे। शंखिनी और डंकिनी की त्रिवेणी पर नदी की रेत में देवी के पैरों की घुंघरुओं की आवाज रेत में दब जाने के कारण बंद हो गई तो राजा ने पीछे मुढकर देख लिया। इसके बाद देवी वहीं ठहर गईं। कुछ समय पश्चात मां दंतेश्वरी ने राजा के स्वप्न में दर्शन देकर कहा कि मैं



शंखिनी-डंकिनी नदी के संगम पर स्थापित हूं। कहा जाता है कि मां दंतेश्वरी की प्रतिमा प्राकट्य मूर्ति है और गर्भगृह विश्वकर्मा द्वारा निर्मित है। शेष मंदिर का निर्माण कालांतर में राजा ने किया।

## ऐसे पहुंचें

यहां तक पहुंचने के लिए सडक मार्ग का साधन सुगम है। रायपुर से बस से जगदलपुर पहुंचकर दंतेवाडा पहुंचा जा सकता है। मंदिर प्रसिद्ध होने के कारण साधनों की कमी नहीं पडती।

## सूडोकु नवताल- 6584

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6583 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |




## विचार प्रवाह

मौजूदा वक्त में शादियां बहुत ही महंगी होती जा रही है क्योंकि शादियों में होने वाला महिला-संगीत आज बहुत ही खर्चीला हो गया है। उससे भी ज्यादा चिंताजनक बात यह है कि शादियों में होने वाले महिला-संगीत में कुलीन घरों की महिलाएं मर्यादाहीन होकर नाचती है। यह अशोभनीय कृत्य है। शादियों में महिला- संगीत बंद होना चाहिए। यह संगीत के नाम पर फूहड़-प्रदर्शन है।

-मुनिश्री तरुण सागर

## शब्द पहेली - 7613



**बाएँ से दाएँ**

1. अभिप्राय, अभिव्यक्ति-3
3. सादापन, भोलापन-4
6. अवश्य-3
7. कांच का मर्तबान-2
8. पानी से सराबोर-2
10. करधनी, कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
12. उद्धार, उत्कृष्ट-3
15. माला का मोती-3
17. सेवक, रोगी की देखभाल करने वाला-5
20. एक छोटी सवारी गाड़ी-2
22. चलने का ढ़ंग-2
23. गर्भ-3
24. निम्न, निकृष्ट-4
25. कथा, गाथा-3

**ऊपर से नीचे**

2. कमरे में बंद करना-5
3. ईमान, नियत-3
4. क्षारीय-4
5. दीदार-3
7. आशिक, यार-2
9. एक विदेशी मदिरा-2
11. लीन, व्यस्त, मशगूल-3
13. उपस्थित-3
14. चलाने वाला, संचालक-5
15. मतवाला, उन्मादी-4
16. चाचा, अंकल-2
18. पैंतरा, वेग-2
19. काफी, कोको -3
21. गिरवी वस्तु-3

**शब्द पहेली -7612 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

# सीएम शिवराज ने कहा, मैं कमल नाथ से लगातार पूछूंगा कि वचन पूरे क्यों नहीं किए

**भोपाल यशभारत। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस ने फिर झूठे वादे करने शुरू कर दिए हैं। कांग्रेस ने अपने वचन पत्र में जो वचन दिए थे, मैं कमल नाथ से लगातार पूछूंगा कि उनमें से एक भी पूरा क्यों नहीं किया? इस पर पलटवार करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने कहा कि मुख्यमंत्री का काम सवाल पूछना नहीं, जनहित की योजनाओं पर अमल करना है।**




ऐसे सवाल कोई अस्थिर मति का व्यक्ति ही कर सकता है। अगर हमारी घोषणा जनहित की हैं तो आप उन्हें पूरा कर दें। मुख्यमंत्री ने शनिवार को मीडिया से बात करते हुए कहा था कि आज मैं कांग्रेस का एक वचन आपको बताता हूं, नाथ ने लिखकर कहा था कि गेहूं, चना, सरसों, चावल, ज्वार, बाजरा, मक्का, सोयाबीन, सरसों, कपास, अरहर, मूंग, मसूर, उड़द, लहसुन, टमाटर, प्याज और गन्ना आदि सभी पर बोनस देंगे। सवा साल में एक पर भी बोनस नहीं दिया।

### केके मिश्रा और सचिव यादव का भी पलटवार

चौहान के इस बयान पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा ने भी पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि 19 वर्षों में राज्य को तबाह करने वाले मुख्यमंत्री मात्र 15 माह की सरकार के मुखिया से अब रोज सवाल पूछेंगे। मुख्यमंत्री विपक्ष से सवाल पूछ रहे हैं, कितना बड़ा मजाक है। आपका नाम तो गिनीज बुक में दर्ज होना चाहिए। कांग्रेस नेता और पूर्व कृषि मंत्री सचिन यादव ने भी मुख्यमंत्री की घेराबंदी की है। उन्होंने मुख्यमंत्री से पूछा कि गेहूं पर 160 रुपये प्रति क्विंटल की दर से किसानों को दिया जाने वाला बोनस क्यों बंद कर दिया?

नाथ सरकार ने 2018-19 में रबी सीजन के लिए 160 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं का समर्थन मूल्य घोषित किया था। 11 लाख 75 हजार किसानों से 73.70 लाख टन गेहूं खरीदा। केंद्र के विरोध के बाद भी बोनस दिया, जिसे भाजपा सरकार ने आते ही बंद कर दिया। यहां तक कि केंद्र सरकार ने बोनस देने को गलत मानते हुए आठ लाख टन गेहूं लेने से इन्कार कर दिया था। 1500 करो? रुपये कमल नाथ सरकार ने खुद दिया। इतना ही नहीं, नाथ सरकार ने पिछली भाजपा सरकार का 2017-18 और 2019 का 2301 करो? रुपये बकाया चुकाया, तब कहीं किसानों को फसल बीमा का मुआवजा मिला।

# कूनो नेशनल पार्क में अभी बाड़े से आजाद नहीं होंगे चीते

**भोपाल, यशभारत।** अफ्रीकी देश नामीबिया से लाकर 17 सितंबर, 2022 को मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान के बाड़ों में छोड़े गए आठ चीतों में से एक मादा चीता शाशा की तबीयत खराब होने के बाद चीतों को फिलहाल खुले जंगल में छोड़ने का विचार स्थगित किया जा रहा है। संभावना है कि विशेषज्ञ गर्मी का मौसम बीतने तक चीतों को बड़े बाड़ों में अपनी निगरानी में ही रखेंगे। अभी तक फरवरी अंत या मार्च में एक नर चीते को खुले जंगल में छोड़ने की योजना थी। इसके पीछे वजह यह भी थी कि एक चीता जंगल से पूरी तरह से रम जाए और हर संकट का सामना करने में सक्षम हो जाए, तब एक मादा चीता को छोड़ा जाए ताकि दोनों वंशवृद्धि भी कर सकें।



### डिहाइड्रेशन के साथ किडनी में संक्रमण

उधर, 15 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका से 12 और चीते कूनो राष्ट्रीय उद्यान लाए जा रहे हैं। इनके लिए भी प्रबंध पूरे कर लिए गए हैं। पांच साल की शाशा 19 जनवरी से बीमार है। उसे डिहाइड्रेशन (पानी की कमी) के अलावा किडनी में संक्रमण भी है। क्वारंटाइन बा? में रखकर उसका इलाज किया जा रहा है। वन अधिकारियों का मानना है कि शाशा बा? (सीमित दायरे) में थी, इसलिए उसके बीमार होने का पता जल्दी चल गया। समय से उसका इलाज शुरू हो गया। यदि वह खुले जंगल में होती तो शायद इतनी जल्दी बीमारी का पता ही नहीं चल पाता और उसकी जान का संकट बढ़ सकता था। भारत में चीता वर्षा एवं सर्दी का मौसम देख चुके हैं, अब गर्मी की बारी है।

### गर्मी का मौसम भी बाड़े में

कूनो राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में गर्मी भी ज्यादा पड़ती है इसलिए वरिष्ठ स्तर पर विचार चल रहा है कि गर्मी का मौसम भी चीतों को बाड़े में ही रखकर देख लिया जाए। यदि स्थिति ठीक रही तो मई अंत तक एक नर चीते को जंगल में छोड़ देंगे। 15 फरवरी को लाए जा रहे चीतों को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लकड़ी के बाक्स से आजाद कर क्वारंटाइन बाड़े में छो?ंगे। इस मौके पर केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव, नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और केंद्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर उपस्थित रह सकते हैं।

# नई गाइडलाइन में 400 लोकेशन पर पांच से 20 प्रतिशत तक बढ़ सकते हैं प्रापर्टी के दाम

**भोपाल,ईएमएस।** कोरोना काल बीतने के बाद प्रापर्टी कारोबार में उछाल आया है। इस आधार पर तैयार की जा रही नई कलेक्टर गाइडलाइन में शहर की 400 लोकेशन पर प्रापर्टी के दाम पांच से 20 प्रतिशत तक बढ़ सकते हैं। वित्तीय वर्ष 2022-23 में कोरोना काल खत्म होते ही प्रापर्टी कारोबार में तेजी से बढ़ोत्तरी हुई है। इसके आधार पर ही राजस्व अधिकारियों ने सर्वे किया है। इस अनुसार पर ही वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए तैयार की जा रही कलेक्टर गाइडलाइन में दरें तय करने के लिए पंजीयन अधिकारियों के पास काफी आधार हैं। बताया जा रहा है कि नई गाइडलाइन के लिए प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस सप्ताह में जिला मूल्यांकन समिति की बैठक होने की संभावना है। मार्च 2023 के पहले नई दरें तय हो जाएंगी, जो नए वित्तीय वर्ष से लागू होंगी। नए और पुराने शहर में चार सौ से ज्यादा अलग-अलग लोकेशन पर लगभग पांच से 20 प्रतिशत तक की वृद्धि प्रस्तावित की गई है। इसमें सबसे ज्यादा प्रभाव भोपाल टू में आने वाली कालोनियों, वार्ड और नए प्रोजेक्ट पर हो सकता है। पुराने शहर यानि भोपाल वन में हर बार की तरह औसत वृद्धि पांच से 15 प्रतिशत की गई है। वहीं जो बाजार पिछली बार छूट गए थे उनको भी इस बार आवासीय और कामर्शियल का अंतर खत्म करने का प्रस्ताव है। इसको बैठक में रखने की तैयारी है, लेकिन चुनावी साल होने के कारण अधिकारी सोच समझकर कदम उठा रहे हैं। इसी वजह से गाइडलाइन की पूरी प्रक्रिया को गोपनीय रखा जा रहा है। ऐसा बताया जा रहा है कि इस बार कलेक्टर गाइडलाइन में आमजन को राहत मिल सकती है, लेकिन अधिकारियों ने दरें बढ़ाने का प्रस्ताव लगभग तैयार कर लिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिन क्षेत्रों में रजिस्ट्रियां अधिक दर पर हुई हैं। इसी आधार पर प्रापर्टी की दरें तय किए जाने के लिए प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। इनमें बड़ी संख्या में अधिक लोन पर हुई हैं। ऐसे में उनको आधार बनाकर दरें बढ़ाने की तैयारी की जा रही है।

**औसत वृद्धि पांच से 15 प्रतिशत की गई**

# उमा ने शराब दुकान के सामने मंदिर में डेरा डाला

## कहा- 31 जनवरी को यहीं बैठकर प्रदेश सरकार की शराब नीति सुनूंगी

**भोपाल, यशभारत।** भाजपा की फायर ब्रांड नेता और मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती चुनावी साल में शराब के मुद्दे पर शिवराज सरकार को लगातार घेर रही हैं। उन्होंने प्रदेश की नई शराब नीति जारी होने तक के लिए घर छोड़ मंदिर में डेरा डाल लिया है। उमा भारती अब 31 जनवरी तक भोपाल के अयोध्या नगर स्थित हनुमान और दुर्गा मंदिर में ही रहेंगी। उन्होंने शनिवार शाम मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की और बीजेपी संगठन के साथ ही सरकार को घेरा।उमा भारती ने कहा कि 3 दिन तक मैं यहां पर रहूंगी। 31 जनवरी को मध्यप्रदेश सरकार की शराब नीति भी डिक्लेअर हो जाएगी, उसको यहीं बैठकर मैं सुनूंगी। मुझे लगा कि यह सबसे अच्छी जगह है यह बहुत सिद्ध स्थान है। 50 साल से ज्यादा पुराना हनुमान जी का मंदिर है और 20 साल से ज्यादा पुराना दुर्गा जी का मंदिर है। ठीक सामने सारी मर्यादाओं का उल्लंघन करता हुआ शराब का बहुत बड़ा अहाता है। जो आज की शराब नीति का भी उल्लंघन कर रहा है। 50 मीटर की मर्यादा को वह तोड़े हुए है। इसलिए हमने यह सोचा कि हम 3 दिन यहीं रहेंगे। उमा भारती ने मंदिर परिसर में मीडिया से चर्चा करते हुए कहा- कुछ समय पहले तक जब हम विपक्ष में थे, तब हमने अवैध उत्खनन और शराब नीति का खुलकर विरोध किया। सत्ता में आने के बाद अचानक हम वह बातें भूल गए हैं। अब हमें वह बातें याद करनी पड़ेंगी। मुझे विश्वास है कि अगर मेरे कहने पर नियंत्रित शराब वितरण प्रणाली लागू हो गई तो मध्यप्रदेश में 2003 का रिकॉर्ड रिपीट हो जाएगा। बीजेपी को बड़ी संख्या में महिलाएं वोट देंगी, क्योंकि शराब में सब बह जाता है। लाडली लक्ष्मी सड़क पर बह जाती है, जननी सुरक्षा भी सड़क पर नहीं चल पाती, आवास कुटीर भी नहीं टिक पाती। सारी योजनाएं शराब में बह जाती हैं। इसलिए हमें एक स्वस्थ समाज का निर्माण करना पड़ेगा। उमा ने कहा- नियंत्रित शराब वितरण प्रणाली में मध्यप्रदेश ही मॉडल स्टेट बन सकता है। गैर भाजपाई सरकारों ने भी हमारी सरकार की कई चीजें कॉपी की हैं। वे नियंत्रित शराब वितरण प्रणाली पर भी हमें कॉपी करेंगे। हमने दिल्ली और छत्तीसगढ़ में इसका विरोध किया है तो हम दो मुंह नहीं रख सकते। जो मुंह छत्तीसगढ़ और दिल्ली में होगा, वही मुंह मध्यप्रदेश में भी रखना पड़ेगा। मेरा भरोसा टूटा नहीं है, मैं आशान्वित हूं। शिवराज जी से मेरी बहुत रिलेक्स माइंड से बात हुई है।



# देश में जितने ट्रांसफॉर्मर हैं, उनके 45प्रश भेल के, 62 साल में 6000+ बनाए

**भोपाल, ईएमएस।** भोपाल की भारत हैवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड (भेल) अब तक 6000 से ज्यादा ट्रांसफॉर्मर बना चुकी है। 1961 में यहां पहली बार 33 केवी, 1 एमवीए का ट्रांसफॉर्मर बनाया गया था। इन 62 सालों में भेल ने खुद को इतना मजबूत किया कि आज ये प्राइड ऑफ भोपाल बन गई है। आज यहां 210 टन तक वजनी 1200 केवी रेटिंग के ट्रांसफॉर्मर भी बनाए जाते हैं। इनकी क्वालिटी टेस्टिंग के लिए संभवत~ देश की एकमात्र लैब है। इसे अल्ट्रा हाई वोल्टेज लेबोरेटरी (यूएचवीएल) कहा जाता है। यूएचवीएल में आर्टिफिशियल वोल्टेज तैयार कर लाइटनिंग (बिजली तड़कना) की जाती है। यानी ट्रांसफॉर्मर जितनी क्षमता का होगा, उतनी ही क्षमता की आर्टिफिशियल लाइटनिंग होगी। लैब में नए बनाए गए ट्रांसफॉर्मर को एक टर्मिनल से जोड़ दिया जाता है। यदि इसकी क्वालिटी सही नहीं हुई तो ट्रांसफॉर्मर जल जाएगा। 10 अक्टूबर 1980 में इस लैब का उद्घाटन तत्कालीन केंद्रीय उद्योग राज्य मंत्री डॉ. चरणजीत चानना ने किया था। इस लैब में अब तक 5000 से ज्यादा ट्रांसफॉर्मर का क्वालिटी टेस्ट हुआ, इनमें से 60प्रतिशत ट्रांसफॉर्मर टेस्ट में पास हुए हैं। 33 केवी, 220 केवी, 400 केवी, 765केवी से बढ़ते हुए आज यहां 1200 केवी तक के ट्रांसफॉर्मर तैयार हो रहे हैं। भेल भोपाल ने काम के लिए 6 प्रोडक्ट कैटेगरी बनाई हैं। हर कैटेगरी में 3-3 सब कैटेगरी हैं। यहां रेलवे के लिए मोटर्स, टरबाइन, हाइड्रो एसेसरीज समेत 18 से ज्यादा प्रोडक्ट तैयार किए जा रहे हैं। भेल का टर्नओवर 4500 करोड़ रुपए पहुंच चुका है।

# पटवारी बनने कतार में एमबीए व इंजीनियरिंग के अभ्यर्थी, 12 लाख से ज्यादा आवेदन

**भोपाल ,यशभारत।** मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल की पटवारी एवं ग्रुप-2, सब ग्रुप - 4 के नौ हजार 73 पदों पर भर्ती के लिए करीब साढ़े 12 लाख आवेदन हुए हैं। करीब पांच साल बाद पटवारी के लिए निकली भर्ती के लिए इस बार एमबीए और इंजीनियरिंग डिग्रीधारी अभ्यर्थियों ने भी बड़ी संख्या में आवेदन किए हैं। इसका कारण यह है कि इस बार भर्ती परीक्षा में पात्रता स्नातक उत्तीर्ण मांगी गई है। इस बार पटवारी के लिए 6755 पदों पर भर्ती हो रही है और साढ़े 12 लाख आवेदन आए हैं। इस मान से एक पद के लिए करीब 185 अभ्यर्थी बैठेंगे।कोचिंग संचालकों का कहना है कि इस बार पटवारी के पाठ्यक्रम में प्रबंधन विषय को भी शामिल किया गया है। बेरोजगार होने के कारण एमबीए पास अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। साथ ही कोचिंग में भी एमबीए और इंजीनियरिंग पास विद्यार्थी परीक्षा की तैयारी के लिए आ रहे हैं। मंडल के अधिकारियों के अनुसार करीब साढ़े 12 लाख से अधिक आवेदन हुए हैं। इसमें पटवारी के 6755 पद हैं। इसमें उपसमूह-4 सहायक अग्निशमन अधिकारी एवं समकक्ष पदों की सीधी एवं बैकलाग भर्ती और भू-अभिलेख, राजस्व विभाग के अंतर्गत पटवारी पद के लिए संयुक्त परीक्षा आयोजित की जाएगी। बता दें कि 2017 में हुई पटवारी भर्ती परीक्षा में करीब 10 लाख आवेदन आए थे। मंडल के लिए यह पहला मौका होगा, जब इतनी संख्या में आनलाइन परीक्षा आयोजित की जाएगी।यह भर्ती ग्रुप 2 (सब ग्रुप 4) के तहत निकाली गई है। परीक्षा 15 मार्च से दो पाली में आनलाइन संचालित की जाएगी। पहली पाली सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। दूसरी पाली दोपहर 2.30 बजे से शाम 5~30 बजे तक होगी।2017 में 100 अंक का प्रश्नपत्र था और बारहवीं स्तर के चार विषय शामिल किए गए थे। इस बार लिखित परीक्षा 200 अंकों की होगी।

# रिकार्ड में 55 हजार, पर हैं सिर्फ 26 हजार डाक्टर

**भोपाल ,यशभारत।** मध्य प्रदेश मेडिकल काउंसिल में 55 हजार डाक्टर पंजीकृत हैं, पर हकीकत में उनकी संख्या करीब 26 हजार ही है। काउंसिल द्वारा बीते 10 माह में पंजीकृत डाक्टरों के पुनर्सत्यापन की प्रक्रिया में यह सच्चाई सामने आई है। पहली बार काउंसिल ने पंजीकृत डाक्टरों का पुनर्सत्यापन कराया है। दरअसल, प्रदेश में पंजीकृत निजी और सरकारी डाक्टरों में से हर वर्ष आठ सौ से एक हजार डाक्टर काउंसिल से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर दूसरे राज्यों में या विदेश जा रहे हैं। इसके अलावा पांच से 10 प्रतिशत डाक्टरों का निधन हो गया, फिर भी काउंसिल में उनका पंजीयन जीवित है। इन सब को हटाने के बाद प्रदेश की साढ़े आठ करोड की आबादी के लिए 26 हजार डाक्टर ही हैं।



निधन होने पर नहीं हटाया जा रहा नाम

1939 में मध्य प्रदेश मेडिकल काउंसिल के गठन से अब तक डाक्टरों का पंजीयन तो होता रहा है, पर यहां से जाने या निधन होने पर उनका नाम हटाया नहीं गया। ऐसे में यह माना जा रहा था कि करीब 30 हजार चिकित्सक ही होंगे, पर संख्या इससे भी कम निकली। पुनर्सत्यापन पिछले साल मार्च में शुरू किया गया था। डाक्टरों को एमपी आनलाइन के माध्यम से इस काम के लिए एक माह दिए गए थे।

फोन पर जानकारी लेकर कर रहे सत्यापित

पंजीकृत डाक्टरों की तुलना में सत्यापन कराने वाले आधे से भी कम रहने पर अभी तक इसे जारी रखा गया है। काउंसिल के रजिस्ट्रार डा. आरके निगम ने बताया कि अब यह सुविधा दी गई है डाक्टरों को एमपी आनलाइन में जाने की आवश्यकता भी नहीं है। काउंसिल से एक कर्मचारी द्वारा फोन पर पूरी जानकारी और फोटो लेकर सत्यापित कराया जा रहा है।

डब्ल्यूएचओ का मापदंड

एक हजार की आबादी पर एक डाक्टर हो विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का मापदंड है कि एक हजार की आबादी पर एक एलोपैथिक डाक्टर होना चाहिए, लेकिन 26 हजार डाक्टरों के हिसाब से प्रदेश में 3296 लोगों की आबादी पर एक डाक्टर है। नए मेडिकल कालेज खुलने और एमबीबीएस की सीटें बढ़ने के बाद भी यह स्थिति है। दरअसल, प्रदेश के कालेजों में तैयार हो रहे डाक्टर अच्छे वेतन या शिक्षा के चलते दूसरे राज्यों में जा रहे हैं। इस कारण यह स्थिति बन रही है।

# बार-बार गुल हो रही थी बिजली, लाइनमैन को पकड़कर पीटा

**भोपाल यशभारत।** हनुमानगंज थाना इलाके की एक कालोनी में बार-बार बिजली गुल हो रही थी। शिकायत मिलने पर बिजली कंपनी का लाइनमैन बिजली की मरम्मत करने पहुंचा था। इस दौरान बार-बार बिजली गुल होने की बात पर एक युवक ने गाली-गलौज करते हुए लाइनमैन के साथ मारपीट भी कर दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मारपीट कर सरकारी काम में बाधा पहुंचाने का केस दर्ज कर लिया है। आरोपित की तलाश की जा रही है।हनुमानगंज थाना पुलिस ने बताया कि रातीबड़ इलाके में रहने वाले 55 वर्षीय करणसिंह पुत्र पूनमचंद बिजली कंपनी में छोला मंदिर जोन के जेपी नगर सब स्टेशन में लाइनमैन के पद पर पदस्थ हैं। शुक्रवार को वह शाम चार बजे से रात 12 बजे तक की शिफ्ट में ड्यूटी पर थे। शाम करीब सात बजे सब स्टेशन पर काजी कैंप स्थित गनगौर बावड़ी क्षेत्र में बिजली गुल होने की शिकायत मिली थी। करणसिंह हेल्पर दयालसिंह के साथ विद्युत अवरोध दूर करने गनगौर की बावड़ी के पास पहुंचे। वह विद्युत अवरोध दूर करने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान गनगौर की बावड़ी के पास रहने वाला गोलू नामक युवक वहां पहुंचा। वह बार-बार बिजली गुल होने की बात कहकर बिजली कंपनी के कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज करने लगा। लाइनमैन करणसिंह ने गाली-गलौज करने का विरोध किया तो गोलू ने उनके साथ मारपीट करना शुरू कर दी। आसपास के लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कराया। करणसिंह ने घटना की शिकायत थाने में की। पुलिस गोलू की तलाश कर रही है। बता दें कि काजी कैंप इलाके में कई लोग खंभे से सीधे तार जोड़कर अवैध रूप से बिजली जलाते हैं। इस वजह से अक्सर उस क्षेत्र में शार्ट सर्किट होने से भी बिजली गुल हो जाती है।

# नरेंद्र मोदी तीसरी बार बनेंगे प्रधानमंत्री, रामभद्राचार्य की भविष्यवाणी, कांग्रेस पर कहीं ये बात

**भोपाल, ईएमएस ।** कांग्रेस ने मेरी योग्यता का कोई मूल्यांकन नहीं किया। भाजपा सरकार ने मूल्यांकन किया और वर्ष 2015 में पद्मविभूषण से सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जब भाजपा मुझसे प्रेम करती है तो मैं भी उससे प्रेम करता हूं। मैं भविष्यवाणी कर रहा हूं कि तीसरी बार भी नरेन्द्र मोदी ही प्रधानमंत्री बनेंगे। यह बात भेल दशहरा मैदान पर चल रही श्रीराम कथा के छठवें दिन शनिवार को जगत गुरु रामभद्राचार्य ने कही।

### तीन प्रमुख कार्य करना है

उन्होंने कहा कि इस बार तीन प्रमुख कार्य करना है, इसमें गोवध बंद कराना, हिन्दी को राष्ट्रभाषा और रामचरित मानस को राष्ट्रग्रंथ घोषित करवाना है। इस मौके पर महाराज ने कहा कि अयोध्या रामजी की थी और रहेगी। रामभद्राचार्य महाराज ने लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि मैंने कभी भी खुद को दिव्यांग नहीं माना और न ही इस श्रेणी में मिलने वाली कोई सुविधा ली। महाराज ने कहा कि संतों को अवश्य राजनीति में पढ़ना चाहिए पर अपने स्वार्थों के लिए नहीं।



### भोपाल के नाम बदलने की उठाई मांग

रामभद्राचार्य महाराज ने अपनी 1361वीं कथा में प्रदेश पुण्यदायिनी नदी नर्मदा की जयंती है। इनका उद्गम अमरकंटक में हुआ था। महाराज ने बताया कि नर्मदा की गोद में शिव जी भी नर्मदेश्वर बनकर खेलते हैं। यहां शिवजी हरिहर के रूप में हैं। इस मौके पर धन-धन नर्मदा मैया, लेहूं मैं तोहरी बलैइया जैसी सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी। आगे की कथा में कहा कि सब द्विज देहुं हरषि अनुशासन, रामचंद्र बैठहिं सिम्हासन, महाराज ने बताया कि वशिष्ट जी ने सभी ब्राह्मणों से कहा कि सभी लोग प्रसन्नता पूर्वक अनुशासन दीजिए की रामचंद्र सिंम्हासन पर बैठें। उसी तरह मैं मध्य प्रदेश सरकार को अनुशासन दे रहा हूं कि भोपाल का नाम भोजपाल करें, तभी मेरी कथा सफल होगी। बीजेपी सरकार ही भोपाल को भोजपाल बनाएगी।

### रामचंद्र में 16 कलाएं थी

रामभद्राचार्य महाराज ने बताया कि चंद्रमा की तरह रामचंद्र में भी 16 कलाएं थी। उन्होंने पहली कला अयोध्यावासियों को दी। दूसरी कला वशिष्ट जी को दी। तीसरी कला विश्वामित्र को दिया। चौथी कला अहिल्या को और पांचवी कला सीता जी को दी। महाराज ने बताया कि रामजी ने ताडक़ा का वध किया, अहिल्या का उद्धार किया और सीता का श्रृंगार किया। आगे की कथा में विश्वामित्र द्वारा यज्ञ की रक्षा के लिए राम और लक्ष्मण को मांगने जाना। ताड़का का वध, अहिल्या का उद्धार की कथा सुनाई। इसके बाद धनुष यज्ञ और सीता स्वयंवर की कथा सुनाते हुए झुक जइयो ललन एक बार किशोरी मोरी छोटी सी जैसी सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी। इसके बाद लक्ष्मण परशुराम संवाद का वर्णन किया।

# भारतीय रेल का देश की प्रगति में बहुत बड़ा योगदान : महाप्रबंधक

**पमरे महाप्रबन्धक ने रेलवे स्टेडियम प्रांगण में किया ध्वजारोहण**

## रेल सुरक्षा बल की आकर्षक परेड एवं देश भक्ति गीतों ने समां बाँधा





**जबलपुर यशभारत।** सम्पूर्ण पश्चिम मध्य रेल में 74 वॉं गणतंत्र दिवस समारोह उल्लासपूर्वक मनाया गया। मुख्य समारोह रेलवे स्टेडियम जबलपुर में आयोजित किया गया जहॉं महाप्रबंधक श्री सुधीर कुमार गुप्ता द्वारा ध्वजारोहण किया गया। रेलवे सुरक्षा बल ने मार्च पास्ट करके महाप्रबंधक को सलामी दी। इस अवसर पर समारोह में अपर महाप्रबंधक श्री शोभन चौधुरी, महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती संध्या गुप्ता एवं महिला कल्याण संगठन की अन्य सदस्याएं तथा विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्ष, मंडल रेल प्रबंधक जबलपुर, रेल अधिकारीगण, रेल सुरक्षा बल के जवान, एवं कर्मचारी, बड़ी संख्या में बच्चे, परिजन उपस्थित रहे। महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता ने अपने संदेश वाचन में 74वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर पश्चिम मध्य रेल के सभी रेल कर्मचारियों, अधिकारियों एवं उनके परिजनों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने अपने सन्देश में कहा कि भारतीय रेल का देश की प्रगति में बहुत बड़ा योगदान है। पश्चिम मध्य रेल को वर्ष 2021-22 में किये गये उत्कृष्ट कार्यों के लिए ओवरऑल एफिशियंसी शील्ड (पंडित गोविन्द बल्लभ पंत शील्ड) सहित 04 अन्य शील्ड हेल्थ केयर शील्ड, पर्सनल मैनेजमेंट शील्ड, सेल्स मैनेजमेंट शील्ड एवं रोलिंग स्टॉक शील्ड प्राप्त हुई हैं। साथ ही हमारे 01 अधिकारी एवं 04 कर्मचारियों को रेल मंत्री स्तर पर राष्ट्रीय रेल पुरस्कार समारोह में व्यक्तिगत पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। भोपाल मंडल के बीना स्थित बीना सोलर प्लांट को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ''इंटरनेशनल यूनियन ऑफ रेलवे'' (यूआईसी) द्वारा बर्लिन में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में सस्टेनेबल रेलवे अवॉर्ड प्राप्त हुआ है। साथ ही मध्य प्रदेश सरकार द्वारा भोपाल स्टेशन को मुख्यमंत्री, श्री शिवराज सिंह चौ हान के कर-कमलों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। पश्चिम मध्य रेल अपने यात्रियों को स्टेशनों पर स्वच्छ खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। पश्चिम मध्य रेल के कुल 13 रेलवे स्टेशनों को ''ईट राइट स्टेशन'' का दर्जा प्रदान किया गया है, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन की तर्ज पर कोटा एवं डकनिया तलाव स्टेशन के पुनर्विकास का कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है। इसी प्रकार जबलपुर, सतना, भोपाल एवं बीना स्टेशन के पुनर्विकास कार्य का भी मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। ''अमृत भारत स्टेशन योजना'' के तहत जबलपुर मंडल के 15, भोपाल के 15 तथा कोटा के 15 स्टेशनों का उन्नयन प्रस्तावित है। इस वित्तीय वर्ष में दिसंबर 2022 तक हमारा परिचालन अनुपात 69.6 प्रतिशत रहा है, जो कि गत वर्ष के परिचालन अनुपात 79.5 प्रतिशत से बेहतर है। वर्ष 2022 में पश्चिम मध्य रेल की आरंभिक आय में 32 प्रतिशत तथा संविभाजित आय में 26 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2022 में 50.88 मिलियन टन माल लदान किया है। अधोसंरचना के क्षेत्र में पश्चिम मध्य रेल ने जनवरी 2022 से दिसंबर 2022 तक कुल 207.32 किमी. दोहरीकरण एवं तिहरीकरण के कार्य संपन्न किये। भोपाल कारखाने को पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किये गये उत्कृष्ट कार्यों के लिए सी.आई.आई. द्वारा प्रतिष्ठित ''ग्रीनको गोल्ड रेटिंग'' एवं नेशनल सेफ्टी काउंसिल द्वारा इंडस्ट्रियल सेफ्टी हेल्थ एण्ड एनवायरनमेंट के क्षेत्र में किये गये उत्कृष्ट कार्यों के लिए ''5 स्टार एक्सीलेंस'' अवार्ड से सम्मानित किया गया है। भोपाल कारखाने के व्हील अनुभाग को एलएचबी व्हील मेंटेनेंस के लिए तथा कोटा कारखाने के एयर ब्रेक अनुभाग को ''सेंटर ऑफ एक्सीलेंस'' के रूप में विकसित किया गया है। हमारे कोटा एवं भोपाल कारखानों द्वारा रेलवे बोर्ड के लक्ष्य से क्रमशः 5.24 प्रतिशत एवं 12 प्रतिशत अधिक वैगन एवं कोच का पी.ओ.एच. आउटटर्न किया है। वर्ष 2022 में 52 मानव सहित समपार फाटक बंद किये गये हैं। पश्चिम मध्य रेल ने वर्ष 2022 में अपने सभी 274 स्टेशनों पर 100 प्रतिशत फ्री वाई-फाई की सुविधा प्रदान कर दी है, जो डिजिटल इंडिया इनिशिएटिव की तरफ एक सराहनीय कदम है। साथ ही साथ 21 स्टेशनों पर पेपरलैस चार्टिंग डिस्प्ले बोर्ड, 17 बॉटल क्रशर मशीन, 126 स्टेशन टिकट बुकिंग एजेन्ट तथा 20 स्टेशनों पर 50 लिफ्ट एवं 08 स्टेशनों पर 41 एस्केलेटर्स की सुविधायें उपलब्ध हैं। दिसंबर माह तक 169.33 करोड़ मूल्य का स्क्रैप डिस्पोजल किया है जो कि दिसम्बर 2022 तक के लक्ष्य से 38.22 प्रतिशत अधिक है। ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए पश्चिम मध्य रेल पर 6.73 मेगावाट के सोलर पॉवर प्लांट स्थापित किये गये हैं, जिनसे लगभग 1.37 करोड़ रूपये मूल्य की ऊर्जा बचत हुई है। पश्चिम मध्य रेल के रेल सुरक्षा बल द्वारा वर्ष 2022 के दौरान बिना उचित कारण चैन पुलिंग करने वाले एवं अनाधिकृत तौर पर खाद्य सामग्री बेचने वाले व्यक्तियों तथा अन्य प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए 05 करोड़ रूपये से अधिक की जुर्माना राशि वसूल की गई है। वर्ष 2022 में पश्चिम मध्य रेल के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने इंटर रेलवे तथा नेशनल एथलेटिक्स, बास्केटबॉल, वेटलिफ्टंग, बैडमिंटन एवं कुश्ती आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं में 13 स्वर्ण, 07 रजत एवं 12 कांस्य पदक प्राप्त कर पश्चिम मध्य रेल को गौरवान्वित किया है, जिसमें कुमारी चंदा (800 मीटर दौड़), राहुल राठी (फ्री स्टाइल कुश्ती 86 किलोग्राम वर्ग) तथा कमल चावला (स्नूकर प्रतियोगिता) ने सीनियर नेशनल गेम्स में भारतीय रेल का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किए हैं। इस वर्ष के दौरान पश्चिम मध्य रेल को राजभाषा प्रयोग-प्रसार हेतु रेलवे बोर्ड की लाल बहादुर शास्त्री तकनीकी मौलिक पुस्तक लेखन योजना के अंतर्गत प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। साथ ही मुंशी प्रेमचंद एवं मैथिलीशरण गुप्त पुरस्कार योजना के अंतर्गत द्वितीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।वर्ष 2022 में आरआरबी के माध्यम से 329 एवं अनुकम्पा नियुक्ति के तहत 132 नियुक्तियां प्रदान की गई हैं। साथ ही आरआरबी द्वारा 114 स्टेशन मास्टर, 55 तकनीशियन, 01 वाणिज्य प्रशिक्षु एवं 05 पैरा मेडिकल स्टाफ का पैनल भी प्राप्त हुआ है, जिस पर पदस्थापना की कार्यवाही जारी है। इस वित्तीय वर्ष में 6406 प्रमोशन प्रदान किये गये हैं तथा 990 कर्मचारियों को एमएसीपी प्रदान की गई है। पश्चिम मध्य रेल महिला कल्याण संगठन हमेशा की तरह इस वर्ष भी अपने कल्याणकारी कार्यों से प्रेरणादायक सिद्ध हुआ है। संगठन द्वारा संचालित जागृति सेंटर में अनाश्रित बच्चों के पालन-पोषण के साथ-साथ उन्हें बेहतर शिक्षा सुविधायें प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रेस एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों, दोनों मान्यता प्राप्त यूनियन एवं विभिन्न एसोसिएशनों को उनके सकारात्मक सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूँ तथा भविष्य में भी आपसे इसी प्रकार के सहयोग की अपेक्षा करता हूँ। पश्चिम मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती संध्या गुप्ता द्वारा जबलपुर स्टेशन के समीप स्थित जागृति केयर सेन्टर (बेसहारा बच्चों का देखभाल स्थल जो महिला कल्याण संगठन, पश्चिम मध्य रेल के द्वारा संचालित है) पर ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर बच्चों को उपहार एवं गर्म कपडे प्रदान कर मिष्ठान वितरण किया गया। पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय भवन में प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस. के. अलबेला द्वारा ध्वजारोहण किया गया जिसमें कार्यालय के रेल अधिकारियों एवं रेल कर्मचारियों ने भाग लिया।

## ध्वजारोहण के बाद डीआरएम ने यात्री सुविधाओं का किया उल्लेख

**जबलपुर यशभारत।** गणतंत्र दिवस की 74 वीं वर्षगांठ पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में डीआरएम विवेक शील द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर श्री शील ने मंडल कि उपलब्धियों तथा यात्री सुविधाओ हेतु किये जा रहे कार्यो का भी उल्लेख किया. समारोह में अपर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता, अमितोज बल्लभ, सहित मंडल के शाखा अधिकारी विश्वरंजन, सुबोध विश्वकर्मा, , मनीष पटेल, विराट गुप्ता, संजय मनोरिया, सुनील श्रीवास्तब, देवश सोनी ,अरुण त्रिपाठी सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर मंडल के स्काउट गाइड तथा सेंड जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड के सदस्यों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन मुख्य कार्मिक निरीक्षक रविंद्र त्रिपाठी ने किया। इसी तारतम्य में सीनियर मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक विश्वरंजन द्वारा जबलपुर स्टेशन पर ध्वजारोहण किया गया. इस अवसर पर मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक सुनील श्रीवास्तव , देवेश सोनी तथा सहायक वाणिज्यिक प्रबंधक पंकज कुमार दुबे तथा अखिलेश नायक के साथ स्टेशन निर्देशक मृतुन्जय कुमार ,स्टेशन मेनेजर संजय जैसवाल तथा अन्य डिपो इंचार्ज तथा कर्मचारी मौजूद थे. इसी तरह डब्लू एस ई सी रेलवे स्कूल में भी मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील द्वारा ध्वजारोहण किया गया. इस कार्यक्रम में महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष श्रीमती गुरमीत कौर , सचिव श्रीमती रेनू रंजन, उपाध्यक्ष डॉ श्रीमती निर्मला गुप्ता भी उपस्थित रही. इस अवसर पर स्कूल के बच्चो द्वारा देश भक्ति से ओत प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया.कार्यक्रम समापन पर शाला प्राचार्य श्रीमती आशा अवस्थी द्वारा सभी का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों की सराहना कि गई।



## परिचालन में नई ऊंचाइयों को छू रहा पश्चिम मध्य रेल



**जबलपुर यशभारत।** पश्चिम मध्य रेल भारतीय रेल के मध्य में स्थित है और इससे चारों दिशाओं की ओर रेल संचालन किया जाता है। पश्चिम मध्य रेल द्वारा गाड़ियों अपने अधिकार क्षेत्र में गाड़ियों को लेने एवं दूसरे रेलवे को सौंपने के परिचालन के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेल (कछपुरा, न्यू कटनी जंक्शन), उत्तर मध्य रेल (ओहान, मानिकपुर, आगासौद, बीना, महादेवखेड़ी, ग्वालियर, मथुरा, भरतपुर, बयाना), उत्तर पश्चिम रेलवे (सवाई माधोपुर), पश्चिम रेलवे (चंदेरिया, नागदा, मक्सी, माथेला, संत हिरदाराम नगर-भोपाल), मध्य रेल (खण्डवा, इटारसी) एवं पूर्व मध्य रेल (महदईया) के स्टेशनों पर इंटरचेंज पॉइंट बनाया गया है। इन सभी इंटरचेंज पॉइन्ट से मेल एक्सप्रेस और गुड्स ट्रेन का आदान/प्रदान एवं सुगम परिचालन किया जाता है। पमरे की मोबिलिटी, स्पीड, ऑपरेशनल प्रेक्टिस के कारण यह इंटरचेंज पॉइन्ट काफी सराहनीय है। जिसके अंतर्गत सर्वोच्च प्रदर्शन करते हुए पमरे के जबलपुर मण्डल ने 25 जनवरी 2023 को 151 फेट ट्रेनों को इंटरचेंज पॉइंटों से अपने अधिकार क्षेत्र में लेने का परिवहन किया गया। जबकि पिछला रिकॉर्ड 149 फेट ट्रेनों को लेने का इंटरचेंज पॉइन्ट से परिवहन था। इस प्रकार जबलपुर मण्डल ने 25 जनवरी 2023 को ही उच्चतम कुल 289 फेट ट्रेनों को इंटरचेंज पॉइंटों से अपने अधिकार क्षेत्र में लेने एवं सौंपने का कार्य कर बेहतर प्रदर्शन किया है। जबकि पिछला रिकॉर्ड 288 फेट ट्रेनों का इंटरचेंज पॉइन्ट से परिवहन का था इसी के साथ एक और उपलब्धि भी हासिल की गयी। जबलपुर मण्डल ने 25 जनवरी 2023 को उच्चतम कुल 8403 वैगनों को अपने अधिकार क्षेत्र में लेने का कार्य कर बेहतर प्रदर्शन किया है। जबकि पिछला रिकॉर्ड 8344 वैगनों को लेने का था। न्यू कटनी जंक्शन सी केबिन से अधिकतम 158 ट्रेनों का आवागमन का परिवहन कर बेहतर प्रदर्शन किया है। जबकि पिछला रिकॉर्ड 156 ट्रेनों के परिवहन का था।



## खेलो इंडिया युथ गेम्स में संस्कारधानी के 10 खिलाड़ी मध्यप्रदेश की टीम में

**जबलपुरयशभारत।** उज्जैन महाकाल की नगरी में खेलो इंडिया यूथ गेम्स में योगासन खेल का आयोजन किया जा रहा जिसमे भाग लेने हेतु मध्यप्रदेश टीम का चयन भोपाल खेल युवक कल्याण विभाग में किया गया था चयनित टीम का कैंप जबलपुर खेल युवक कल्याण विभाग में कोच शिवम गुप्ता के मार्गदर्शन में किया जा रहा है चयनित टीम इस प्रकार है जबलपुर से अभिका मिश्रा,निष्ठा गोडबोले, रिया, दीपा लोधी, उत्सव पटेल, प्रणय साहू, आर्को संकर इंदौर से प्रणीत पाटिल ,गौरव परिहार, छिंदवाड़ा से मिलन वादरे एवम मुरैना से अंकिता प्रजापति । टीम के कोच शिवम गुप्ता, रुकमणी राव मैनेजर बरूण कुशवाहा रहेंगे ।चयनित टीम को मध्यप्रदेश योगासन स्पोर्ट्स के अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा जी,जबलपुर जिला के अध्यक्ष श्री राकेश नेमा जी,मध्यप्रदेश के महासचिव दिनेश सिंह ठाकुर, नागेश राव,विवेक पाठक,भगवान सिंह, डा रचना जैन,आशीष रैकवार, पंखुरी तनेजा, ब्रजेश मिश्रा,ममता पांडे ,देवेंद्र मिश्रा ,अनुराग गौतम ने बधाई प्रेषित की सचिव दिनेश सिंह ठाकुर ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में पूरे देश से लगभग400से 500 प्रतिभागियों के भाग लेने की संभावना है इस प्रतियोगिता में ट्रेडिशनल,आर्टिस्टिक सिंगल,आर्टिस्टिक पेयर एवम हृदमिक पेयर की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी ।

## खेलो इंडिया मैं रहा मध्य प्रदेश का तीसरा स्थान




**जबलपुर, यशभारत।** चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी,मोहाली (पंजाब) में खेलो इंडिया वूमेन सीनियर नेशनल वूशु लीग का आयोजन किया गया जिसमें मध्य प्रदेश ने कुल 8 पदक प्राप्त किए जिसमें 3 सिल्वर 5 ब्रोंज मेडल हैश्रद्धा यादव सिल्वर मेडल, बगुआझाग स्वेच्छा जाटव ब्रॉन्ज मेडल बगुआझाग भूरक्षा दुबे सिल्वर मेडल ( जियानशु), ब्रॉन्ज मेडल (चनक्वान),ब्रोंज मेडल ( क्यानशू), अंकिता मरावी ब्रोंज मेडल्स -75द्वंद्व नम्रता बत्रा सिल्वर मेडल -52द्वंद्व नेहा सरवैया ब्रोंज मेडल -56 द्वंद्वमध्यप्रदेश वूशु टीम ने पूरे भारत में तीसरा स्थान प्राप्त किय मध्य प्रदेश वूशु संघ सचिव विश्वामित्र अवॉर्डी सारिका गुप्ता मध्य प्रदेश वूशु दल की मुख्य प्रशिक्षक है। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू , खेल अधिकारी आशीष पांडेय मध्य प्रदेश वुशु संघ के अध्यक्ष एन के त्रिपाठी , सिदार्थ श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष, जबलपुर जिला वुशु संघ से जीतेन्द्र रजक , विकास चतुर्वेदी , नितेश कुमार ,मध्य प्रदेश ओलिंपिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह ,आदि ने बधाइयाँ दी ।



## थाना प्रभारी नेमा बने उप पुलिस अधीक्षक कर्मचारियों ने दी बधाई

**जबलपुर यश भारत।** नर्मदा जयंती के अवसर पर निरीक्षक थाना प्रभारी जीआरपी सुनील नेमा की पदोन्नति उप पुलिस अधीक्षक रेल कटनी के पद पर हुई है, विदाई और बधाई के इस कार्यक्रम मेंअतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रतिमा पटेल स्टेशन डायरेक्टर जबलपुर मृत्युजंय कुमार ,उप पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर आर के गौतम, तथा थाना पुलिस के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रतिमा पटेल एवं उप पुलिस अधीक्षक आरके गौतम के द्वारा निरीक्षक सुनील नेमा के कंधे की रिवन काट कर, उप पुलिस अधीक्षक के रूप में बधाई दी, तथा उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पूर्व प्रभारी रेल जबलपुर वर्तमान उप पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त श्री मंजीत सिंह, रिटायर्ड उप पुलिस अधीक्षक श्री पी के जैन, आरपीएफ जबलपुर के प्रभारी श्री मंसूरी तथा विभिन्न संगठनों के लोग भी उपस्थित रहे, उपस्थित अधिकारियों ने अपने अपने विचार रख श्री नेमा को उनकी कार्यकुशलता के साथ बधाई प्रेषित की।

# सामूहिक वैवाहिक समारोह कार्यक्रम होगें 18 फरवरी से 6 मार्च तक

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह व निकाह योजना के होंगे कार्यक्रम

**गोटेगांव, यशभारत।** मध्यप्रदेश शासन के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अंतर्गत सामूहिक विवाह/ निकाह के कार्यक्रम जिले के नगरीय निकायों एवं जनपदों में 18 फरवरी से 6 मार्च तक होंगे। इसके लिए नगरीय निकाय/ जनपद वार तिथियां निर्धारित की गई हैं यह जानकारी उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग नरसिंहपुर ने दी है,मुख्यमंत्री कन्या विवाह/ निकाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह/ निकाह का कार्यक्रम जनपद पंचायत नरसिंहपुर में 18 फरवरी को, जनपद पंचायत गोटेगांव में 5 मार्च को, जनपद पंचायत करेली में 18 फरवरी को, जनपद पंचायत चांवरपाठा में 25 फरवरी को जनपद पंचायत चीचली में 6 मार्च को जनपद पंचायत सांईखेड़ा में 18 फरवरी को, नगर पालिका नरसिंहपुर में 18 फरवरी को, नगर पालिका गाडरवारा में 18 फरवरी को, नगर पालिका करेली में 18 फरवरी को, नगरपालिका गोटेगांव में 5 मार्च को, नगर पालिका तेंदूखेड़ा में 25 फरवरी को, नगर परिषद सांईखेड़ा में 18 फरवरी को,नगरपरिषद चीचली में 6 मार्च को और नगरपरिषद साली चौका में 6 मार्च को होगा, सामूहिक विवाह के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पात्र हितग्राही आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित जनपद पंचायत/ नगरीय निकायों में सम्पर्क कर सकते हैं। हितग्राही के पास मप्र का मूल निवासी प्रमाण पत्र, समग्र आईडी, आधारकार्ड,पासपोर्ट साइज की दो फोटो,वर/ वधु/ अभिभावक का मोबाइल नम्बर,कल्याणी (विधवा) होने की स्थिति में पूर्व पति का मृत्यु प्रमाणपत्र,परित?यक्ता महिला होने की स्थिति में तलाक का न्यायालयीन आदेश और कर्मकार मंडल के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिक का पंजीयन कार्ड होना आवश्यक है।

# इंदिरा कन्या शाला में श्रद्धा के साथ श्रद्धा चौकसे ने किया ध्वजारोहण




## सांस्कृतिक कार्यक्रम भी सम्पन्न हुए।

**गोटेगांव, यशभारत।** नगर पालिका गोटेगांव द्वारा संचालित इंदिरा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नगरपालिका उपाध्यक्ष श्रीमती श्रद्धा पंकज चौकसे द्वारा ध्वजारोहण किया गया। उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए न.पा. अध्यक्ष श्रीमती पूनम ठाकुर एवं उपाध्यक्ष श्रीमती श्रद्धा पंकज चौकसे ने कहा कि ,सही अर्थो में यह पर्व अपने-अपने कर्तव्यों को याद रखने का दिवस है, जो संकल्प के रूप में हम सभी को समाज एवं राष्ट्र की सेवा के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान हम सभी को मौलिक अधिकार प्रदान करता है, यदि हम कर्तव्य की पूजा करते हैं तो हमें अधिकार स्वतः प्राप्त होते हैं। इस अवसर पर प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े नगर के पत्रकारों का सम्मान शाला परिवार द्वारा किया गया। मां सरस्वती पूजन के उपरांत शाला की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक आयोजनों की प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित नागरिकों द्वारा सराहा गया। उपस्थित अतिथियों का स्वागत एवं आभार शाला की प्राचार्य श्रीमती ॠतु जैन एवं साथी शिक्षकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सर्वश्री , पंकज चौकसे, मुकेश चोकसे ,रविंद्र पटेल, राजेंद्र राय, ,सतीश अग्रवाल, मनीष जैन, दुलीचंद विश्वकर्मा, राजा ठाकुर ,कंछेदी सोनी, राजू सोनी, , कपिल नायक, पीडी साहू, अनिल जैन, आशीष अग्रवाल एवं महिला पार्षद सर्व श्रीमती रजनी राय , आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई गोटेगांव ने , मनाया बसंत उत्सव, हल्दी कुमकुम का हुआ आयोजन

**गोटेगांव, यशभारत।** वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश की सक्रिय महिला तहसील इकाई गोटेगांव द्वारा बसंत पंचमी एवं गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर बसंत उत्सव पर मां सरस्वती वीणा वादिनी का उत्साह पूर्वक पूजन अर्चन किया गया, एवं तहत हल्दी कुमकुम का आयोजन जिला प्रभारी मंजू सोनी के निवास पर किया गया इस अवसर पर विविध प्रतियोगिताएं आयोजित करके विजेताओं को पुरस्कार बांटे गए साथ ही सुहाग सामग्री वितरित करते हुए एक दूसरे के को शुभकामनाएं दी गई एवं पीले फूलों पीले वस्त्र के सिंगार करके हंसी खुशी के वातावरण में विभिन्न व्यंजनों का आनंद उठाया गया खुशी भरे वातावरण के अवसर पर मंजू सोनी, रश्मि खरया, मीना अग्रवाल, तारा सिंघवी, आरती ताम्रकार कल्पना अग्रवाल, सोनम सिंघवी, नीलम सोनी, वर्षा अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, डॉ राखी अग्रवाल, महिमा केसरवानी, ज्योति केसरवानी, शर्मीली केसरवानी, छाया केसरवानी, मंजू गुप्ता, रचना राठौर, आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही)



## पुलिस टीम उतरी खेल मैदान में

**पाटन, यशभारत।** स्व हीरा सिंह ठाकुर की स्मृति में दीन दयाल उपाध्याय स्टेडियम में चल रहे पार्षद जितेन्द्र सिंह जित्तु और विनायक ग्रुप की टेनिस बाल प्रतियोगिता में दूसरे दिन पुलिस इलेबन और पाटन जूनियर के बीच शो मैच खेला गया जिसमे पुलिस इलेबन को जीत हासिल हुई बही दूसरा मैच उदित इलेबन और राज इलेबन के बीच खेला गया जिसमें उदित इलेबन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 131 रन बनाए बही लक्ष्य का पीछा करते हुए राज इलेबन निर्धारित गेंदों में 95 रन ही बना पाई बही मैन ऑफ द मैच अनुराग रहे प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि थाना प्रभारी आसिफ इकवाल देवेन्द्र यादव आयोजक जितेन्द्र सिंह ठाकुर राहुल अग्रवाल दीपू यादव वरुण अग्रवाल के साथ पुलिस टीम उपस्थित रही बही दोनों मैच में राहुल ठाकुर और दीपक जैन ने एम्पायरिंग की।

# माँ के पास पहुंचा खोया हुआ बेटा पुलिस ने दिखाई सतर्कता



**पाटन, यशभारत।** पाटन थाना क्षेत्र में शुक्रवार की दोपहर लगभग 3 बजे पाटन निवासी पत्रकार राहुल महाजन ने पुलिस को सूचना दी कि पाटन रोड स्थित स्टेटे बैंक के एटीएम के पास एक 4-5 वर्षीय बच्चा काफी देर से रो रहा है सम्भवतः बच्चा भटक गया है। सूचना पर तुरंत एटीएम के पास चौकी प्रभारी नुनसर उप निरीक्षक दुर्गेश मरावी एवं आरक्षक शुभम सिंह, आरक्षक हेमेन्द्र पहुंचे एवं 4 वर्षीय बालक को थाने लाये, बच्चे को खेलने के लिये गुब्बारे व खिलौने, चॉकलेट देकर प्यार से पूछताछ की गयी तो बच्चे ने अपना नाम सुमित बताया एंव पता पूछने पर शहपुरा बताते हुये बताया कि आटो से अपनी मॉ के साथ आया था आटो से उतरने के बाद मॉ नहीं दिखी।पुलिस ने बच्चे को लेकर पाटन आटो स्टैण्डऔर आसपास पूछताछ की तो एक आटो वाले ने बताया कि एक बच्चे की मॉ बच्चे को ढूंढते हुये यहॉ आयी थी जो कि नयी बन रही तहसील मे मजदूरी करती है। निमार्णाधीन तहसील के पास पहुंचकर पतासाजी करने पर बच्चे की मॉ मिली, जिन्होने पूछताछ पर बताया कि शहपुरा से आटो में बैठकर मजदूरी करने आयी थी, बस स्टैण्ड में आटो से उतरी भीड भाड़ अधिक थी, जिसमे उसका बेटा कहीं चला गया था, तभी से आसपास बेटे को तलाश कर रही थी।पुलिस ने बालक को मॉ के सुपुर्द करते हुये मॉ को समझाईश दी कि आते जाते समय बच्चे पर ध्यान रखें साथ ही पाटन नगर के पत्रकार राहुल महाजन को इस बात को गंभीरता से लेते हुए सजगता दिखने के लिए पाटन पुलिस उप निरीक्षक दुर्गेश मरावी ने उनका धन्यवाद किया।

# आज सुपर-संडे, दो-दो वर्ल्ड कप फाइनल, Aus Open की खिताबी जंग, भारत के लिए करो या मरो का मैच





नई दिल्ली, ईएमएस। यदि आप या आपके घर में कोई स्पोर्ट्स लवर हैं तो आज दिनभर टीवी पर लाइव एक्शन चलता रहेगा। आज के दिन को खेल जगत के लिए सुपर-संडे माना जा रहा है। दो-दो वर्ल्ड कप फाइनल, एक ग्रैंडस्लैम फाइनल और क्रिकेट का एक धांसू मुकाबला लखनऊ में देखने को मिलेगा। जहां भारतीय टीम न्यूजीलैंड से सीरीज बचाने उतरेगी। चलिए बिना समय गंवाए आपको बताते हैं कि ये सारे रोमांचक मैच कब, कहां और किनके बीच खेले जाएंगे।

### 19 वीमेंस वर्ल्ड कप फाइनल- भारत VS इंग्लैंड

पहली बार खेले जा रहे आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में आज भारत का सामना इंग्लैंड से होगा। भारत ने सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को तो इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई है। मैच रोमांचक होने की पूरी उम्मीद है। भारतीय बल्लेबाजी का दारोमदार कप्तान और ओपनर शेफाली वर्मा और श्वेता सहरावत पर होगा। गेंदबाजी में पार्श्वी चोपड़ा ने अपनी फिरकी से विपक्षी बैटर को खूब परेशान किया है। इंग्लैंड की बैटर ग्रेस स्क्रीवंस (289 रन) और बोलर हना बाकर (9 विकेट) से भारतीय खिलाड़ियों को सावधान रहना होगा।

### हॉकी वर्ल्ड कप फाइनल- जर्मनी VS बेल्जियम

ओलिंपिक्स चैंपियन बेल्जियम को यदि एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप में अपने खिताब का बचाव करने वाली केवल चौथी टीम बनना है तो उसे आज होने वाले फाइनल में जर्मनी के वापसी करने के जज्बे से सावधान रहना होगा। अभी तक पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी ही विश्व कप में लगातार दो खिताब जीत पाए हैं। दूसरी ओर जर्मनी भी किसी से कम नहीं है। विश्वकप में अभी तक जर्मनी ने दो बार 0-2 से पिछड़ने के बाद वापसी करके जीत दर्ज की और फाइनल में जगह बनाई। दो बार (2002 और 2006) की चैंपियन जर्मनी की टीम सेमीफाइनल में मजबूत ऑस्ट्रेलिया को हराने के बाद जोश में होगी।

### ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल- जोकोविच VS सितसिपास

मेंस सिंगल्स का खिताबी मुकाबला आज नोवाक जोकोविच और स्टेफानोस सितसिपास के बीच खेला जाएगा। सर्बियाई स्टार नोवाक के निशाने पर दसवां ऑस्ट्रेलियन ओपन और कुल 22वां ग्रैंडस्लैम खिताब होगा। वहीं दूसरी ओर सितसिपास पहली बार मेलबर्न में फाइनल खेलने उतरेंगे। यह उनका ओवरऑल दूसरा ग्रैंडस्लैम फाइनल होगा। सितसिपास साल 2021 के फ्रेंच ओपन में उपविजेता रह चुके हैं। जोकोविच का सितसिपास के खिलाफ जीत-हार का रेकॉर्ड 10-2 का है। जोकोविच 2018 से ही ऑस्ट्रेलियन ओपन में अजेय हैं। इस टूर्नामेंट में वे अब तक लगातार 27 जीत दर्ज कर चुके हैं। उन्होंने हाल ही में लगातार 25 जीत के अपने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया था।

### भारत -यूजीलैंड, दूसरा टी-20

भारतीय टीम को तीन मैचों की टी-20 सीरीज में बने रहने के लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ आज लखनऊ में होने वाले दूसरे मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। रांची में खेले गए पहले मैच में न्यूजीलैंड ने 21 रन से मैदान मारा था। अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम की पिच हमेशा से बल्लेबाजों के माकूल रही है। इस पिच पर जो पांच मुकाबले अभी तक खेले गए हैं उसमें पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को जीत मिली है। लिहाजा टॉस जीतने वाली टीम पहले बल्लेबाजी का फैसला कर सकती है। मौसम साफ रहेगा और शाम के समय अधिकतम तापमान 15 डिग्री के करीब रहेगा।





# मौत से कुछ समय पहले दर्द से कराह रही थीं राखी सावंत की मां

**मुंबई, ईएमएस।** अपने नटखट अंदाज से लोगों को एंटरटेन करने वाली राखी सावंत आज दुख की चादर में लिपटी हुई हैं। उन्होंने अपनी मां जया को हमेशा-हमेशा के लिए खो दिया है। मल्टी ऑर्गन फेलियर होने की वजह से जया भेड़ा ने जूहू के अस्पताल में आखिरी सांस ली और सबको छोड़कर अलग दुनिया में चली गई। उनके जाने से एक्ट्रेस का रो-रोकर बुरा हाल है। पहले अस्पताल से वीडियो सामने आया था और अब मां के जाने के बाद राखी ने उनका आखिरी वीडियो शेयर किया है, जिसे देखने के बाद पत्थर भी मोम बन जाएगा। राखी सावंत अपनी मां से बहुत प्यार करती थीं। वह अक्सर उनका जिक्र करती थीं। बिग बॉस के घर में भी वह जितनी बार आई हैं, उन्होंने मां को याद किया है। उनसे जुड़े किस्से कंटेस्टेंट्स को सुनाए हैं। जब मराठी बिग बॉस से बाहर आईं। तब उन्हें मां के ब्रेन ट्यूमर होने की बात मालूम हुई। उसके बारे में वीडियो बनाकर बताया भी था। अब उनके जाने के बाद एक और वीडियो शेयर किया है। जिसमें वह जमीन पर बैठे रो रही हैं और उनकी मां अस्पताल के बेड पर लेटी तड़प रही हैं।

### मां का आखिरी वीडियो शेयर कर राखी रोईं

राखी सावंत ने वीडियो शेयर कर लिखा- आज मेरी मां का हाथ सर से उठ गया और मेरे पास खोने के लिए कुछ नहीं बचा। आई लव यू मां। आपके बिना कुछ नहीं रहा। अब कौन मेरी पुकार सुनेगा और कौन मुझे गले लगाएगा मां। अब मैं क्या करूं। कहां जाऊं... आई मिस यू आई। वहीं, वीडियो में जया बेड पर लेटी हैं और सांस लेने में दिक्कत का सामना कर रही हैं। वहीं, पास में जमीन पर बैठी राखी रोए जा रही हैं और भगवान से उनको अपने पास बुलाने के लिए कह रही हैं। क्योंकि वह उन्हें इस दर्द में देख नहीं पा रही हैं। राखी सावंत की मां के निधन पर बॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री के सितारों में भी शोक की लहर है। एक्टर जैकी श्रॉफ ने कमेंट किया और कहा कि वह मां के जाने का दर्द समझ सकते हैं क्योंकि वह भी अपनी मां, पिता और भाई को खो चुके हैं। इसके अलावा रिद्दिमा पंडित, रश्मि देसाई, पवित्रा पुनिया, निशा रावल, राहुल वैद्य, अली गोनी, मान्या दत्ता समेत अनेय ने भी दुख जताया है और मां की आत्मा की शांति की दुआ की है।

# 41 बार का रणजी चैंपियन मुंबई बाहर, रवींद्र जडेजा की टीम सौराष्ट्र को तमिलनाडु ने हराया, क्वार्टर फाइनल की 8 टीमें तय



**नई दिल्ली, ईएमएस।** रणजी ट्रॉफी इतिहास की सबसे सफल टीम 41 बार की चैंपियन मुंबई इस सीजन के नॉकआउट स्टेज में प्रवेश नहीं कर सकी। ग्रुप स्टेज के आखिरी दिन को टीम ने महाराष्ट्र के खिलाफ जीत जरूरी थी। लेकिन, शुक्रवार को टीम 253 रन के टारगेट का पीछा करते हुए 6 विकेट पर 195 रन ही बना सकी। मैच ड्रॉ रहा और एलीट ग्रुप बी से सौराष्ट्र के साथ आंध्र प्रदेश की टीम क्वालिफाई कर गई।

### टाई ने बढ़ाई मुसीबत

दरअसल, महाराष्ट्र और मुंबई के बीच ग्रुप स्टेज का आखिरी मैच खेला गया। जो भी टीम मैच जीतती या फर्स्ट इनिंग लीड लेती, वह क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालिफाई कर जाती। लेकिन पहली पारी में दोनों ही टीमें 384 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। पहली पारी में टाई होने के बाद दोनों ही टीमों का मैच जीतना जरूरी था। महाराष्ट्र चौथे और आखिरी दिन दूसरी पारी में 252 पर ऑल आउट हो गई। 28 ओवर में 253 रन के टारगेट का पीछा करते हुए मुंबई ने 10 ओवर में तेजी से करीब 90 रन बना लिए थे। लेकिन, लगातार अंतराल में विकेट गिरने के चलते मुंबई ने डिफेंसिव गेम खेलना शुरू कर दिया। इस कारण टीम 28 ओवर में 6 विकेट पर 195 रन ही बना सकी। मैच ड्रॉ रहा और आंध्र प्रदेश की टीम क्वालिफाई कर गई।

### आखिरी मैच हारा सौराष्ट्र

इसी ग्रुप के एक मैच में क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालिफाई कर चुकी सौराष्ट्र को तमिलनाडु ने 59 रनों से हरा दिया। अंतिम दिन सौराष्ट्र को जीत के लिए 266 रनों की जरूरत थी, लेकिन टीम 206 रन पर ही ढेर हो गई। सौराष्ट्र की दूसरी पारी में हार्विक देसाई ने सबसे ज्यादा 101 रन बनाए। अजीत ने दूसरी पारी में 6 विकेट अपने नाम किए। पहली पारी में उन्होंने 3 विकेट लिए थे। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

# जब लोग नाक देखकर करने लगे एक्ट्रेस को ट्रोल फिर श्रुति हासन ने कर दी बोलती बंद

**मुंबई, ईएमएस।** श्रुति हासन बॉलीवुड से लेकर साउथ सिनेमा इंडस्ट्री का जाना पहचाना नाम हैं। वैसे भी वो उन स्टार किड्स में से एक हैं जो एक्टिंग की दुनिया के दिग्गज हैं। कमल हासन और सारिका की बेटी श्रुति हासन आज 28 जनवरी को अपना 36वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। सारिका अपनी एक्टिंग के अलावा बतौर प्लेबैक सिंग भी जानी जाती हैं। चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर श्रुति ने अपने पिता की फिल्म च्हे रामज से डेब्यू किया। श्रुति साउथ के अलावा च्लकज, चदिल तो बच्चा है जीज जैसी कई हिन्दी फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं। श्रुति उन एक्ट्रेसेस में से हैं जिन्हें प्लास्टिक सर्जरी के लिए ट्रोल किया गया, लेकिन एक्ट्रेस ने ऐसी बात कह दी कि सबकी बोलती बंद हो गई थी। जहां प्लास्टिक सर्जरी जैसी चीजों पर फिल्म एक्ट्रेसेस अक्सर कुछ भी बोलने से बचती हैं वहीं श्रुति हासन ने इस बारे में खुलकर बातें की हैं। श्रुति हासन उन एक्ट्रेसेस में से रही हैं जिन्होंने सुंदरता को और निखारने के लिए प्लास्टिक



सर्जरी का सहारा लिया और ये बात वह ताल ठोककर कुबूल भी करती हैं। श्रुति ने अपने एक इंटरव्यू में ये भी बताया कि उन्होंने सर्जरी क्यों कराई। श्रुति ने नोज जॉब और फिलर्स के लिए सर्जरी का सहारा लिया था। हालांकि, श्रुति ने कहा था कि इसे लेकर उन्हें जस्टिफाई करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा था कि ये उन्हें एक खास अंदाज में दिखना था और पहली फिल्म के बाद उन्होंने नोज़ जॉब प्लान किया और फिर सर्जरी भी कराई। श्रुति ने कहा था कि नोज जॉब इसलिए कराया क्योंकि यह उनके पुराने लुक से बिल्कुल अलग था। हालांकि इसी के साथ उन्होंने ये भी कहा कि वह इसे लेकर कॉस्मेटिक सर्जरी को प्रमोट नहीं कर रहीं, बल्कि ये करवाना या न करवाना किसी का निजी फैसला है। उन्होंने कहा था कि उनकी पुरानी फिल्मों में पुरानी नाक ही दिखी है जो अब बिल्कुल अलग दिखती है। उन्होंने कहा थि कि मुझे किसी को जस्टिफाई करने की जरूरत नहीं कि मैं कैसी और क्यों दिखती हूं।

# नीना गुप्ता को बाइक पर बैठाकर निकल पड़े अनुपम खेर

### बिंदास है शिव शास्त्री बल्बोआ का पोस्टर

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के शानदार एक्टर्स अनुपम खेर और नीना गुप्ता इन दिनों चर्चा में हैं। दोनों की दोस्ती शिव शास्त्री बल्बोआ फिल्म में दिखाई देने वाली है। इसकी कहानी लीक से थोड़ा हटकर है, जिसमें साहस दिखाया गया है। इस फिल्म से अनुपम और नीना का नया मोशन पोस्टर रिलीज हुआ है, जिसमें दोनों सुपरबाइक पर नजर आ रहे हैं। दोनों की बॉन्डिंग कमाल लग रही है। जानिए इस फिल्म के बारे में सारी डिटेल। बॉक्सिंग के लिए Anupam Kher का जुनून तो पहले के पोस्टर्स में हम देख चुके हैं और अब नीना गुप्ता साथ उनकी बाइकिंग राइड का रोमांच बस देखते बन रहा है। ऐसा लग रहा हैं कि उम्र के इस प?ाव में भी ये दोनों कितने बेखौफ और बिंदास हैं। हाल ही में फिल्म का ये पोस्टर रिलीज किया गया। ये पहला मोशन पोस्टर हैं, जहां नीना गुप्ता और अनुपम खेर एक साथ नजर आ रहे हैं।

**इस दिन सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है फिल्म-** अनुपम खेर, नीना गुप्ता, जुगल हंसराज, नरगिस फाखरी, शारिब हाशमी स्टारर शिव शास्त्री बल्बोआ एक आम आदमी की जिंदगी की मसाला मूवी है, जिसमें ढेर सारा रोमांच भी है। इसे अजयन वेणुगोपालन ने लिखा और डायरेक्ट किया है। शिव शास्त्री बल्बोआ 10 फरवरी 2023 को थिएटर्स में रिलीज होगी।

**अनुपम और नीना की अपकमिंग मूवीज-** अनुपम खेर को पहले द कश्मीर फाइल्स और ऊंचाई में देखा गया था। उनके पास कई फिल्में हैं, जिनमें इमरजेंसी, कागज 2, कुछ खट्टा हो जाए, नौटंकी, द वैक्सीन वॉर, मेट्रो इन दिनों और द सिग्नेचर शामिल है। वहीं, नीना गुप्ता की बात करें तो वो पिछले साल ऊंचाई, वध और गुडबाय में नजर आई थीं।

# गुजरात जायंट्स से जुड़ी मिताली राज वीमेंस प्रीमियर लीग की टीम ने दिया बड़ा पद



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मार्च-अप्रैल 2023 में होने वाले महिला प्रीमियर लीग के शुरूआती सीजन से पहले मिताली राज को गुजरात जाइंट्स के मेंटर और सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया। अडानी स्पोर्ट्सलाइन ने 1289 करोड़ रुपये की उच्चतम बोली के साथ डब्ल्यूपीएल में अहमदाबाद टीम को संचालित करने के अधिकार जीते थे। उन्होंने एक आधिकारिक बयान में कहा कि जायंट्स की मेंटर और सलाहकार होने के अलावा, मिताली महिला क्रिकेट को भी बढ़ावा देगीं और गुजरात में जमीनी स्तर पर खेल को विकसित करने में मदद करेंगी। भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज महिला इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज हैं। फ्रेंचाइजी ने कहा, 'महिला प्रीमियर लीग का उद्घाटन सत्र महिला क्रिकेट के लिए एक शानदार कदम है और अडानी समूह की भागीदारी खेल के लिए भी एक बढ़ा बढ़ावा है। महिला क्रिकेट लगातार बढ़ रहा है, और इस तरह की प्रेरणा निस्संदेह युवा महिलाओं को प्रोत्साहित करेगी कि क्रिकेट को पेशेवर रूप से लेने पर विचार करें। मिताली ने भारत के लिए 89 टी20 मैच खेले हैं और 37.52 के औसत से 2,364 रन बनाए हैं, जिसमें 17 अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने प्रारूप से अपनी संन्यास की घोषणा करने से पहले घर में इंग्लैंड के खिलाफ 2019 में आखिरी बार भारत के लिए एक टी20 मैच खेला था। उन्होंने जून 2022 में अपनी संन्यास की घोषणा करने से पहले वनडे और टेस्ट खेलना जारी रखा। मिताली ने 2005 और 2017 महिला वनडे विश्व कप में उपविजेता रहने के लिए भारत की कप्तानी भी की। फ्रेंचाइजी ने आगे कहा, 'मिताली राज युवा पीढ़ी के लिए एक आदर्श हैं और हम अपनी महिला क्रिकेट टीम को सलाह देने के लिए इस तरह के एक प्रेरणादायक एथलीट के साथ खुश हैं।' अडानी एंटरप्राइजेज के निदेशक प्रणव अडानी ने कहा, 'हम मानते हैं कि मिताली जैसी अंतरराष्ट्रीय खेल हीरो की उपस्थिति न केवल क्रिकेट में बल्कि हर दूसरे खेल में भी नई प्रतिभाओं को आकर्षित करेगी और पेशेवर खेल पारिस्थितिकी तंत्र को बदल देगी।

# नई-नवेली दुल्हनिया अथिया शेट्टी का सादा अंदाज, सिंदूर-मंगलसूत्र नहीं पहनने पर भड़की जनता!



**मुंबई, एजेंसी।** इन दिनों बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी की बेटी अथिया शेट्टी और इंडियन क्रिकेट टीम के खिलाड़ी केएल राहुल चर्चा में हैं। वजह है उनकी शादी। दोनों ने 23 जनवरी को खंडाला के फार्महाउस में सात फेरे लिए थे। इस प्राइवेट वेडिंग सेरेमनी में सिर्फ करीबी मेंबर्स ही शामिल हुए। शादी के बाद केएल राहुल और अथिया दोनों ही सोशल मीडिया पर प्री-वेडिंग फंक्शन की फोटोज शेयर कर रहे हैं। इस बीच अथिया ने पहली पब्लिक अपीयरेंस भी दी, लेकिन नई-नवेली दुल्हन का सादा लुक देख जनता शॉक्ड रह गई। कई लोगों ने तो मांग में सिंदूर और गले में मंगलसूत्र नहीं पहनने पर भी आपत्ति जताई है। सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो में Athiya Shetty एक सैलून से बाहर निकलती दिख रही हैं। उनके हाथों पर अभी भी मेहंदी रची हुई है। वो डेनिम और शर्ट में एकदम कैजुअल और सादे लुक में नजर आ रही हैं। उन्हें देखते ही पपाराजी उन्हें बधाई देने लगे, लेकिन एक्ट्रेस ने कुछ खास रिएक्ट नहीं किया। इस कारण पब्लिक उन्हें खरी-खोटी सुना रही है। अथिया और केएल राहुल ने इंस्टाग्राम पर प्री-वेडिंग फंक्शन की फोटोज शेयर की हैं, जो बेहद खूबसूरत हैं। इनमें दोनों कपल एक-दूसरे में खोए नजर आ रहे हैं और अपनी शादी को खूब इंजॉय करते दिखाई दे रहे हैं।

### IPL के बाद होगा रिसेप्शन

शादी के बाद सुनील शेट्टी ने कंफर्म किया है कि केएल राहुल और अथिया शेट्टी का रिसेप्शन तब होगा, जब ढ्ढक्क खत्म हो जाएंगे। इस रिसेप्शन में फिल्म और खेल जगत की कई जानी-मानी हस्तियां शामिल होंगी।

# ओए ओए तिरछी टोपी वाले फेम सोनम रातों-रात हो गई थीं गायब, अब ओटीटी पर कर रहीं वापसी

**मुंबई, एजेंसी।** 90 के दशक में सिने प्रेमियों के दिलों पर राज करने वाली त्रिदेव एक्ट्रेस सोनम एक बार फिर चर्चा में हैं। सोनम जिनका असली नाम बख्तावर खान है, 90 के दशक में अपने बोल्ड एक्ट से फिल्म जगह में अपनी खूब पहचान बनाई थी। सोनम तब केवल 14 साल की थीं जब उन्होंने फिल्मों में कदम रखा। बताते हैं कि वो दौर ऐसा था जब अपनी फिल्मों में सोनम को कास्ट करने के लिए प्रड्यूसर्स उनके आगे-पीछे घूमा करते थे। फिर अचानक वह इंडस्ट्री से गायब हो गई। सोनम 1988 में आई फिल्म विजय में नजर आई और फिर रातों-रात वह स्टार बन चुकी थीं। उनकी इस पहली ही फिल्म ने खूब तहलका मचाया। सोनम बॉलीवुड के अलावा साउथ और बंगाली फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं। साल 1987 में फिल्म विजय से बॉलीवुड से डेब्यू करने वाली सोनम को त्रिदेव से भी काफी पॉप्युलैरिटी मिली। सोनम को लोग प्यार से ओए ओए गर्ल कहकर भी पुकारने लगे। उनका गाना ओए ओए तिरछी टोपी वाले काफी फेमस हुआ था। उन्होंने विश्वात्मा, बाज, पुलिसवाला जैसी कई फिल्में कीं और आखिरी फिल्म साल 1994 में आई इंसानियत और फिर अचानक सोनम ने इंडस्ट्री छोड़ दी।

# हॉकी वर्ल्ड कप में 9वें स्थान पर रहा भारत

### आखिरी मैच में साउथ अफ्रीका को हराया, होस्ट टीम का सबसे खराब प्रदर्शन

**भुवनेश्वर, ईएमएस।** हॉकी वर्ल्ड कप 2023 की मेजबान टीम इंडिया ने साउथ अफ्रीका को 5-2 से हराकर अपना कैंपेन खत्म किया। भारत क्रॉसओवर मैच में न्यूजीलैंड से हारकर चैंपियन बनने की रेस से पहले ही बाहर हो गया था। भारत ने पहले क्वार्टर में 2 गोल दागकर बढ़त बनाई। फिर आखिरी क्वार्टर में 2 और गोल दागकर जीत सुनिश्चित कर ली।इस नतीजे के साथ ही भारत टूर्नामेंट में अर्जेंटीना के साथ संयुक्त 9वां स्थान हासिल किया। यह किसी वर्ल्ड कप में होस्ट कंट्री की टीम का सबसे खराब प्रदर्शन है। भारत ने अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ा है। 2010 में हुए वर्ल्ड कप में भारत आठवें स्थान पर रहा था।

**पहले क्वार्टर में दागे 2 गोल-** मैच शुरू होने के चौथे ही मिनट में भारत के अभिषेक ने फील्ड गोल दाग दिया। 11वें मिनट में कप्तान हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर का फायदा उठाते हुए गोल दागा। इस गोल से भारत मैच में 2-0 से आगे हो गया। तीसरे क्वार्टर के 44वें मिनट में शमशेर सिंह ने गोल दागकर 3-0 की बढ़त बना ली।

**आखिरी क्वार्टर में साउथ अफ्रीका की वापसी-** चौथे क्वार्टर के 48वें मिनट में साउथ अफ्रीका के म्वीम्बी साम्केलो ने फील्ड गोल दागकर स्कोर लाइन 3-1 कर दी। 48वें मिनट में ही भारत के आकाशदीप ने भी गोल दागकर भारत को 4-1 की बढ़त दिला दी। 58वें मिनट में सुखजीत सिंह ने गोल दागा और भारत को 5-1 से आगे कर दिया। आखिर में कासीएन मुस्तफा ने 59वें मिनट में गोल किया, लेकिन ये उनकी टीम की जीत के लिए काफी नहीं था। मैच 5-2 की स्कोर लाइन के साथ खत्म हुआ।



# पदमश्री डॉ डावर ने कहा

# मरीज पहले छुट्टियां बाद में

## मात्र डेढ़ दिन की छुट्टी लेते है साल भर में

**लोकप्रिय कार्यक्रम यशभारत प्राइम टाइम में संस्कारधानी को पद्मश्री सम्मान से गौरवान्वित कराने वाले डॉक्टर एमसी डावर से यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला ने विस्तार से चर्चा की। इस दौरान डॉ.डावर ने कहा कि नई पीढ़ी को यह समझना होगा कि मरीज पहले है और बाद में छुट्टियां है। स्वास्थ्य के पेशे में आर्थिक पक्ष को बयां करते हुए डॉ.डावर ने कहा कि कम पैसे में भी बेहतर इलाज मुहैया कराया जा सकता है। इसका उन्होंने पूरी जिंदगी पालन किया और आज उनकी कर्तव्यनिष्ठा को केन्द्र सरकार ने सराहा। जिसके चलते उन्हें देश के सर्वोच्च सम्मान पद्मश्री से नवाजा गया।**




### जन्म पाकिस्तान में, पंजाब में पढ़ाई और जबलपुर में मिली डिग्री

डॉ. डावर का जन्म आज के पाकिस्तान में 1946 में हुआ था। डेढ़ साल की उम्र में ही उनके पिता का निधन हो गया था। परिवार के सहयोग से उन्होंने स्कूल की पढ़ाई पंजाब के जालंधर से की। इसके बाद जबलपुर, मध्यप्रदेश से उन्होंने एमबीबीएस की डिग्री हासिल की। उन्होंने बताया कि पंजाब में पढ़ाई का खर्च ज्यादा था। जिस कारण वह जबलपुर आए। यहां 10 रुपये मासिक फीस थी।

### पहले दिन की कमाई थी एक रुपये

यशभारत प्राइम टाइम में आशीष शुक्ला से चर्चा के दौरान डॉ.डावर ने बताया कि उनकी एक दिन की कमाई महज एक रुपये थी। सेना से रिटायर होने के बाद उन्होंने यहीं प्रेक्टिस शुरू की। वह भी किसी और डॉक्टर का लिखा हुआ इंजेक्शन मरीज को लगाया था। डॉक्टर डावर जबलपुर की एक ऐसी शख्सियत है, जिन्होंने चिकित्सा के क्षेत्र में एक ऐसी लकीर खींच दी है जिसे पार करना किसी और डॉक्टर के बस में नहीं होगा. उन्होंने जबलपुर से ही एमबीबीएस की डिग्री हासिल की थी। उन्होंने 1986 में 2 रुपये फीस लेना शुरू की थी, जिसे बाद में 3 रुपये और फिर 1997 में 5 रुपये, उसके 15 साल बाद 2012 में 10 रुपये और अब बढ़ाकर 20 रुपये फीस की है।

### मरीजों ने किया प्रयास, 2019 में भी पद्मश्री के लिए हुआ था नॉमिनेशन

26 जनवरी 2023 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह द्वारा पद्मश्री अवॉर्ड से नवाजे गए डॉ. डावर ने बताया कि मरीजों का बहुत प्यार मिला है। उन्होंने ही प्रयास किया है। 2019 में भी उन्हें अवॉर्ड के लिए मैसेज आया था, लेकिन मिला नहीं। इसके बाद मरीजों ने प्रयास किया और यह उनका प्यार ही है कि आज उन्हें पद्मश्री अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।



**यशभारत प्राइम टाइम में संस्कारधानी की उपलब्धि डॉक्टर एमसी डावर से संस्थापक आशीष शुक्ला की विशेष चर्चा**

### विश्वास नहीं था कि मिलेगा पद्मश्री

डॉ. डावर ने चर्चा के दौरान कहा कि जबलपुर में उनसे भी बड़े-बड़े लोग है जो जनसेवा में प्रयासरत है। जिसके चलते उन्हें यह विश्वास नहीं था कि यह सम्मान उन्हें मिलेगा। पद्मश्री सम्मान के बारे में डॉक्टर डावर का कहना है कि इस तरह सम्मान मिलने से प्रोत्साहन मिलता है और जीवन में इस तरह के प्रोत्साहन नई ऊर्जा देते हैं।

### 1971 की भारत-पाक जंग के दौरान घायल सैनिकों का इलाज किया

डॉ. डावर ने बताया कि जब उन्होंने सेना में भर्ती के लिए एग्जाम दिया था, तब 533 उम्मीदवारों में से केवल 23 ही सिलेक्ट हुए थे। इनमें से 9वें नंबर पर उनका नाम था। 1971 की भारत-पाकिस्तान जंग के दौरान उनकी पोस्टिंग बांग्लादेश में की गई। डॉ. डाबर ने न जाने कितने घायल जवानों का इलाज किया। जंग खत्म होने के बाद स्वास्थ्य समस्याओं के चलते उन्हें समय से पहले रिटायरमेंट लेना पड़ा। इसके बाद 1972 से उन्होंने जबलपुर में अपनी प्रैक्टिस शुरू की जो अनवरत जारी है।

### नई पीढ़ी को दी सीख

डॉ. डावर ने कहा कि कम पैसे में भी इलाज मुमकिन है और इस मूलमंत्र उन्होंने पूरे जीवन पालन किया है। नई पीढी को भी जनसेवा से जुड़ना होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि मरीज पहले है बाद में छुट्टियां है। वह स्वयं एक होली की और आधे दिन दीपावली की छुट्टी लेते थे। उसमें भी घर पर मरीजों को देखते थे। इतना ही नहीं मरीजों को घर पर जाकर देखने का पांच रुपये लेता था, पैसे वजह नहीं थी। सेवा ही धर्म था।

### आर्मी में सिलेक्शन था सुखद पल

डॉ. डावर ने कहा कि आर्मी में सिलेक्शन उनके जीवन का सुखद पल था। जिसके बाद उन्होंने हर पद को इंजॉय किया। उन्होंने बताया कि उनके सेवा भाव को देखते हुए मरीज कभी उनके लिए पराठा लेकर आते थे तो कभी जाय लेकर आ जाया करते थे। यह मरीजों का ही प्यार है।

## गोहलपुर में लूट से हड़कंप

# पुलिस ने 4 आरोपियों को हिरासत में लिया, जांच जारी

**जबलपुर, यशभारत। गोहलपुर के चंडालभाटा में देर रात कार को ओव्हर टेक करते हुए कार सवारों से मारपीट कर मोबाइल लूटने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने अभिरक्षा में लिया है। जिनसे घटना में प्रयुक्त कार भी बरामद की गई है। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ जारी है।**



जानकारी अनुसार थाना प्रभारी विजय तिवारी ने बताया कि देरात चंडालभाटा में कार को टक्कर मारकर, आरोपियों ने कार को आव्हरटेक की और फिर कार सवारों के साथ जमकर मारपीट करते हुए दो मोबाइल लूटकर फरार हो गए। जिसके बाद आनन फानन में घायलों को एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। प्रकरण की जांच करते हुए स्थानीय चार आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। जिनसे कार बरामद और मोबाइल बरामद किए है। मामले की जांच जारी है।

## तस्कर से अवैध शराब की सप्लाई लेने पहुंच गयी पुलिस

# जखीरा बरामद, आरोपी के खिलाफ 12 अपराध है दर्ज

**जबलपुर, यशभारत।** रांझी थाना अंतर्गत पुलिस ने शराब तस्कर को उस वक्त दबोच लिया जब वह ग्राहक को सप्लाई देने के लिए मेन रोड पर खड़ा था। मजे की बात यह रही कि पुलिस को देखकर ग्राहक को चंपत हो गये जिसके बदले पुलिस शराब की सप्लाई ने पहुंच गयी। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ जारी है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि रामनारायण उर्फ नाटी पिता रामचरण चौधरी बगिया टोला रांझी का निवासी है। जो देर रात करीब एक बजे पानी की टंकी के पास ग्राहक को अवैध शराब की सप्लाई देने खड़ा था। उसी दौरान पुलिस को पता चलते ही एएसआई मनोज गोस्वामी, प्रधान आरक्षक प्रदीप तिवारी और आरक्षक मनीष तिवारी मौके पर पहुंचे तो देखा कि ग्राहक पुलिस को देखकर फुर्र हो चुके थे। जिसके बाद पुलिस ने तस्कर से 60 लीटर शराब की सप्लाई ली और फिर रंगे हाथों आरोपी को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ थाने में करीब 12 अपराध दर्ज है।



# डुमना विमानतल पर सीएम का स्वागत

**जबलपुर, यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आज दोपहर भोपाल से वायुयान द्वारा डुमना विमानतल जबलपुर आगमन हुआ। इस दौरान जनप्रतिनिधि व अधिकारियों ने उनके अगवानी की।श्री चौहान तकरीबन पाँच मिनट बाद हेलिकॉप्टर से इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय लालपुर जिला अनूपपुर रवाना हुये। मुख्यमंत्री के पारगमन यात्रा के दौरान एयरपोर्ट पर राज्य सभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक,विधायक सुशील इंदु तिवारी,श्री प्रभात साहू, आशीष दुबे,श्री रत्नेश सोनकर, अखिलेश जैन व कमलेश अग्रवाल सहित कमिश्नर बी चंद्रशेखर, कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन, पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ बहुगुणा व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




# सायकिल सवार को कार ने मारी टक्कर

## हवा में उछला,टूट गए हाथ-पैर

**जबलपुर, यशभारत।** कटंगी मेन रोड में सायकिल सवार युवक को अज्ञात कार चालक ने सीधी टक्कर मार दी। हादसे में सायकिल सवार वाहन समेत रोड से दस फिट दूर जा गिरा। जिसे हाथ पैर में गंभीर चोट आई। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि बालमुकुन्द चक्रवर्ती 38 वर्ष निवासी बजरिया कटंगी ने बताया कि वह साईकिल से बस स्टेण्ड कटंगी तरफ जा रहा था जैसे ही कटंगी के सामने पहुंचा तभी पीछे से आ रही अज्ञात कार के चालक ने तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसकी साइकिल में टक्कर मार दिया। जिससे वह साइकिल सहित गिर गया। उसे हाथ पैर एवं शरीर में चोट आयी है। जिसे अस्पताल में भर्ती किया गया है।







# 71 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने मेडिकल कॉलेज को किया देह दान

## जबलपुर में परिवार जनों ने सौंपा शव

**जबलपुर। जबलपुर में यादव कॉलोनी निवासी एक 71 वर्षीय बुजुर्ग महिला की एक निजी अस्पताल में मौत हुई गई। जिसके बाद बुजुर्ग महिला के देह को परिवारजनों ने मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी विभाग को सौंपा हैं।**




दरअसल नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में प्रायोगिक अध्ययन के लिए भावी चिकित्सकों को मृत देह की आवश्यकता होती है। जिसको लेकर 71 वर्षीय बुजुर्ग छाया बेडेकर ने देहदान के लिए कलेक्ट्रेट में अपना संकल्प पत्र भरा हुआ था। जिनके निजी अस्पताल में निधन होने के बाद परिजनों ने बॉडी को मेडिकल के एनाटॉमी विभाग को सौंप दिया। जो अब भावी चिकित्सकों के अध्ययन के काम में आएगी।













स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*।
फोन ( 0761 ) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )